पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाहनवाज़ खां) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) कर्मचारियों द्वारा आयोग द्वारा निर्धारित पारी पद्धति (शिफ्ट सिस्टम) के अनुसार कार्य करने को स्वीकार न करने के कारण 14 जनवरी 1974 से 10 मार्च 1974 की अवधि के लिए व्यधन कार्य रुक गया था। कर्मचारियों ने 11 मार्च 1974 से व्यधन स्थल पर पुनः कार्य आरम्भ किया।

(घ) 13-1-1974 तक 296 मीटर गहरा कुआं खोदा जा चुका है।

फरक्का बांध के नीचे की ओर गंगा के किनारे पर भू-क्षरण से बचाव के लिए निर्माण कार्य

3647. **श्री त्रिदिव चौधरी :** क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को फरक्का बांध से नीचे की ओर गंगा के दायें किनारे पर भू-क्षरण से बचाव के लिए निर्माण-कार्य करने संबंधी कोई योजना पर प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और क्या इस भू-क्षरण को रोकने के लिए कोई उपाय किए हुए हैं जिस के कारण इस जिले के भरपूर आबादी वाले कई नगरों तथा असंख्य गांवों को बी० ए० के० लूप लाईन को रेल-पटरी को, राष्ट्रीय राजपथ संख्या 34 को तथा फरक्का बांध की जंगीपुर सहायक नहर को गंभीर खतरा पैदा हो गया है ;

(ख) क्या इस भू-क्षरण के बारे में केन्द्रीय जल और विद्युत आयोग और गंगा बाढ़ आयोग द्वारा कोई जांच की गई है तथा क्या उन्हें इसके लिए किन्हीं विशिष्ट रसायनिक उपायों का सुझाव दिया है ; और

(ग) केन्द्रीय सरकार की अपनी जानकारी के अनुसार भू-क्षरण संबंधी वर्तमान स्थिति क्या है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) से (ग) : फरक्का बराज के अनुप्रवाह में गंगा के दक्षिण तट कटाव के प्रति सुरक्षा प्रदान करने हेतु 63 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर एक स्कीम मार्च, 1973 में पश्चिम बंगाल राज्य सरकार से केन्द्र को प्राप्त हुई थी। इस स्कीम को केन्द्रीय जल और विद्युत आयोग में विस्तारपूर्वक जांच की गई है और यह पाया गया है कि स्कीम विस्तृत अन्वेषणों और माडल अध्ययनों पर आधारित नहीं थी। अतः राज्य सरकार को यह सुझाव दिया गया था कि वे विस्तृत सर्वेक्षण और माडल अध्ययन करने के बाद एक व्यापक स्कीम तैयार करें।

कटाव समस्या को हल करने के लिए लघु कालीन तथा दीर्घकालीन दोनों बचाव उपायों पर अप्रैल, 1973 में केन्द्रीय जल और विद्युत आयोग, केन्द्रीय जल और विद्युत अनुसंधान केन्द्र, पूना, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग और पश्चिम बंगाल राज्य सरकार के अधिकारियों की एक बैठक में भी विचार-विमर्श हुआ था। जैसा कि उस समय निर्णय लिया गया था राज्य सरकार ने अधिक नाजुक क्षेत्रों में तत्काल कार्य क्रियान्वित कर दिए हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया था कि केन्द्रीय जल और विद्युत अनुसंधान केन्द्र, पूना में किए जाने वाले माडल प्रयोगों के परिणामों के आधार पर दीर्घकालीन उपायों का आयोजन करना होगा। अभी माडल अध्ययन पूरे नहीं हुए हैं।

राज्य सरकार से प्राप्त मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार कटाव को रोकने के लिए पिछले वर्ष किए गए तत्काल का उन विशेष क्षेत्रों में, जहां के लिए वे अभीष्ट थे, वाकयी प्रभावकारी सिद्ध हुए हैं।

पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा फरक्का बांध से नीचे की ओर गंगा के किनारे पर भू-क्षरण से बचाव हेतु निर्माण कार्यों के लिये मांगी गई वित्तीय सहायता

3648. श्री त्रिदिव चौधरी
श्री आर० एन० बर्मन } : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या फरक्का बांध के नीचे की ओर गंगा के दायें किनारे पर भू-क्षरण से बचाव के लिए निर्माण कार्यों पर पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा पहले कर लिए गए आपात खर्च को पूरा करने के लिए एक करोड़ 60 लाख रुपए की योजना के अतिरिक्त वित्तीय सहायता के बारे में पश्चिम बंगाल सरकार ने अक्तूबर, 1973 में केन्द्रीय सरकार से कोई अनुरोध किया था; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद): (क) जी, हां।

(ख) कटाव-रोधी स्कीमें बाढ़ नियंत्रण सैक्टर में शामिल हैं जो राज्य योजना का भाग है। वर्तमान प्रक्रिया के अनुसार, राज्यों को केन्द्रीय सहायता ब्लाक ऋणों और अनुदानों के के रूप में, विकास अथवा स्कीम के किसी विशिष्ट शीर्ष के साथ जोड़े बिना, दी जाती है। इस प्रकार से फरक्का के अनुप्रवाह में कटाव-रोधी कार्यों के लिए अपेक्षित धनराशि की व्यवस्था पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार द्वारा की जानी है तदनुसार, राज्य सरकार को सूचित कर दिया गया है।

झामर कोटरा क्षेत्र में राक-फास्फेट निक्षेपों के विकास के लिये समिति

3649. श्री फतह सिंह राव गायकवाड: क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उदयपुर में झामरकोटरा क्षेत्र में राक-फास्फेट निक्षेपों के विकास के संबंध में तकनीकी पहलुओं की जांच करने के लिए गठित समिति के सदस्यों के नाम क्या हैं? और

(ख) यह समिति संभवत: किस तारीख तक अपना प्रतिवेदन पेश कर देगी?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाहनवाज़ खां) : (क) समिति का गठन निम्नलिखित रूप में किया गया है:—

1. सचिव, पैट्रोलियम तथा रसायन	अध्यक्ष
2. श्री एस० वेंकटारमन, सलाहकार (उर्वरक) पैट्रोलियम तथा रसायन मंत्रालय	सदस्य
3. श्री जी० रामास्वामी, संयुक्त सचिव, खान विभाग	सदस्य
4. श्री एम० सत्यापाल, अपर सलाहकार (आई०एण्ड एम०) योजना आयोग नई दिल्ली	सदस्य
5. डा० वी० ए० आलतेकर, निदेशक, राष्ट्रीय मौसम विज्ञान प्रयोगशाला, जमशेदपुर . . .	सदस्य
6. श्री आर० नरसिंह्न, उप सचिव, वित्त मंत्रालय, वित्त विभाग (व्यय) नई दिल्ली	सदस्य
7. श्री प्रताप नारायण संयुक्त निदेशक (योजना) रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली .	सदस्य
8. श्री जी० के० आयंगर, प्रबन्धक (वाणिज्य) भारत अर्थ मूवर लिमिटेड बंगलोर .	सदस्य
9. श्री नरेश चन्द्र, सचिव (उद्योग) राजस्थान सरकार, जयपुर	सदस्य
10. श्री एस० सुन्दर, उप सचिव, पेट्रोलियम तथा रसायन मंत्रालय	सदस्य-सचिव

(ख) समिति द्वारा शीघ्र कार्य आरम्भ करने की सम्भावना है।

Election to Legislative Assemblies of Uttar Pradesh, Orissa, Pondicherry and Manipur

3650. Shri Hukam Chand Kachwai
Shri Ramavatar Shastri } : Will the Minister of Law, Justice and Company Affairs be pleased to state :

(*a*) the total number of candidates, party-wise and independents who filed their nominations for the recent elections to the Legislative Assemblies of U. P., Orissa, Manipur and Pondicherry;

(*b*) the total number of candidates, party-wise whose Security deposits were forfeited; and

(*c*) the income accrued to Government as a result thereof ?

The Minister of State in the Ministry of Law, Justice and Company Affairs (Shri Nitiraj Singh Chaudhary) : (*a*) to (c) : The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

दक्षिण-मध्य रेलवे में मिराज-सांगली और मिराज नान्डे रेल-मार्ग के साथ रेलवे भूमि की खरीद

3651. **श्री आप्पा सहिब गोट खिन्डे :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महाराष्ट्र सरकार ने दक्षिण मध्य रेलवे में मिराज-सांगली और मिराज-नान्डे रेल मार्गों के साथ रेलवे भूमि क्रय करनी चाही थी जो भूमि नई ब्राड गेज लाइन के चालू होने से रेलवे के पास फालतू हो गई थी ;

(ख) क्या राज्य सरकार को उक्त भूमि की आवश्यकता वर्तमान सांगली-मिराज सड़क को चौड़ा करने और मिराज तथा माधव नगर के बीच लिंक मार्ग बनाने के लिए थी और क्या राज्य सरकार द्वारा उक्त भूमि के मूल्य निर्धारण से रेलवे के प्रतिनिधि इस शर्त के साथ सहमत हो गए थे कि रेलवे बोर्ड की अन्तिम मंजूरी भी ली जाएगी ;

(ग) क्या बार-बार अनुरोध के बावजूद राज्य सरकार को भूमि का कब्जा नहीं दिया गया; और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) प्रस्ताव को कब तक मंजूरी दी जाएगी और भूमि का कब्जा कब तक दिया जाएगा ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) जी हां।

(ख) राज्य सरकार ने सूचित किया था कि सड़क को चौड़ा करने/नयी सड़क की व्यवस्था करने के लिए मिराज-सांगली और मिराज-नान्डे रेलवे लाइनों के साथ वाली भूमि की आवश्यकता है। राज्य सरकार और रेलवे के प्रतिनिधियों की एक संयुक्त बैठक में भूमि के मूल्यांकन पर सहमति हो गयी थी। बोर्ड ने उसका अनुमोदन भी कर दिया था।

(ग) और (घ) : बोर्डद्वारा अनुमोदित सम्मत मूल्यांकन की सूचना स्वीकृति के लिए संभावत: राज्य सरकार को नवम्बर, 1973 में दे दी गयी थी। लेकिन राज्य सरकार से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है। राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त हो जाने और सम्मत दरों पर भुगतान की भी व्यवस्था होने पर राज्य सरकार को भूमि सौंप दी जाएगी।

कोल्हापुर और पूने के बीच 312 अप और 311 डाउन गाड़ियों को पुन: चालू करना

3652. **श्री अण्णा साहि : गोट खिंड़े :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोल्हापुर और पूने के बीच चल रही 312 अप और 311 डाउन गाड़ियों को कब चालू किया गया था और इन्हें कब से बन्द कर दिया गया है ;

(ख) इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इन गाड़ियों को पुन: कब से चालू किया जाएगा ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) से (ग). 311 डाउन/312 अप पुणें–कोल्हापुर एक्सप्रैस गाड़ियां जो 1-11-1973 से चलायी गयीं थीं, कोयले की कठिन स्थिति के कारण 23-12-73 को पुणें से और 22-12-73 को कोल्हापुर से रद्द करना

पड़ा। जैसे ही कोयले की स्थिति में सुधार होता है इन गाड़ियों को फिर से चलाने के प्रश्न पर विचार किया जाएगा।

सांगली और कोल्हापुर के बीच यात्री गाड़ियों को पुनः शुरु करने की मांग

3653. **श्री अण्णासाहिब गोटखिड़े :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मीटर गेज के स्थान पर बड़ी लाइन बिछाये जाने से दक्षिण मध्य रेलवे पर सांगली और कोल्हापुर के बीच यात्री गाड़ियां चलती थीं;

(ख) क्या लाइन परिवर्तन के बाद ये गाड़ियां रद्द की गई थीं;

(ग) क्या सांगली और कोल्हापुर के बीच यात्री गाड़ियों को पुनः शुरू किए जाने की मांग की जा रही है; और

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) जी हां। चार जोड़ी स्थानीय गाड़ियां।

(ख) जी हां। लेकिन इन के स्थान पर, यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पुणें और मिराज के बीच 3 जोड़ी गाड़ियों और मिराज और कोल्हापुर के बीच 4 जोड़ी शटल गाड़ियों के अलावा इस खण्ड पर तीन जोड़ी एक्सप्रैस गाड़ियां चल रही हैं।

(ग) और (घ). कोल्हापुर-मिराज स्थानीय गाड़ियों को सांगली तक चलाने के लिए किए गए अनुरोध पर विचार किया जा रहा है और जो भी कार्रवाही व्यावहारिक और उचित होगी की जाएगी।

क्विलोन जंक्शन (दक्षिण रेलवे) का विकास करने सम्बन्धी योजना

3654. **श्रीमती भार्गवी तनकप्पन :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दक्षिण रेलवे के क्विलोन जंक्शन रेलवे स्टेशन का विकास करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या हैं; और

(ग) इस योजना को कब तक क्रियान्वित करने का प्रस्ताव है?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) जी हां।

(ख) एर्नाकुलम-तिरुवनन्तपुरम सेंट्रल खण्ड की मीटर लाइन से बड़ी लाइन में बदलने की योजना के अन्तर्गत अपेक्षित आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्टेशन की एक नई इमारत बनाने का विचार है।

(ग) आमान परिवर्तन का काम पहले से ही चल रहा है और प्रस्तावित स्टेशन की नयी इमारत के निर्माण का काम, 1975 के अन्त तक पूरा हो जाने की आशा है।

कल्लाडा सिंचाई परियोजना

3655. **श्रीमती भार्गवी तनकप्पन्न:** क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल में कल्लाडा सिंचाई परियोजना का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रगति कर रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक पूरे हुए कार्य का विवरण क्या है और नवीनतम गणना के अनुसार इस परियोजना के विभिन्न चरणों के आरम्भ होने में समय-सारिणी क्या है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) और (ख) : कल्लाडा सिंचाई परियोजना में पाराप्पर पर एक सिंचाई बांध तथा ओट्टक्कल पर, वाम और दक्षिण तट नहरों सहित एक पिक-अप वियर का निर्माण परिकल्पित है। पाराप्पर बांध पर कुछ पहुंचों में नींव की खुदाई और चिनाई का कार्य प्रगति पर है । ओट्टकल पर पिक-अप वियर, घर्षण स्लूइस के कार्य के कुछ भाग को छोड़ कर पूरा हो गया है। दक्षिण तट नहर पर कार्य शुरू किया गया है और यह विभिन्न पहुंचों में प्रगति पर है।

परियोजना के प्रथम चरण के जिसमें 22000 हैक्टेयर की सिंचाई के लिए सहायक नहर प्रणाली और ओट्टक्कल वियर शामिल हैं, पांचवीं योजना के दौरान पूर्ण होने की आशा है जबकि सम्पूर्ण परियोजना के छटी योजना में पूर्ण होने की संभावना है ।

बिजली की सप्लाई बार-बार बन्द करने का कलकत्ता जल-सप्लाई व्यवस्था पर प्रभाव

3656. **श्री राकेन सेन :** क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिजली की सप्लाई अनिर्धारित रूप से बार-बार बन्द करने का कलकत्ता जल-सप्लाई व्यवस्था पर प्रभाव पड़ेगा; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

पिछले पांच महीनों के दौरान रेल दुर्घटनायें

3657. **श्री एम० एस० संजीवी राव**
श्री एस० एन० सिंह देव } : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच महीनों के दौरान कितनी रेल दुर्घटनाएं हुई ;

(ख) रेलवे को कितनी क्षति हुई ;

(ग) कितने व्यक्ति हताहत हुए और दुर्घटना के शिकार व्यक्तियों को कितनी राशि मुआवजे के रूप में दी गई ;

(घ) क्या सभी दुर्घटनाओं के कारणों की जांच करने के लिए कोई जांच की गई थी ; और

(ङ) यदि हां, तो प्रत्येक जांच का क्या परिणाम निकला ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) भारत की सरकारी रेलों पर 1-9-1973 से 31-1-1974 तक की अवधि में टक्कर, गाड़ियों के पटरी से उतरने, समपार की दुर्घटनाओं और गाड़ियों में आग लगने की कोटियों में 351 दुर्घटनाएं हुईं।

इन दुर्घटनाओं में रेल सम्पत्ति को जो क्षति पहुंची उसकी लागत का अनुमान लगभग 1,25,47,000 रुपए लगाया गया है।

इन दुर्घटनाओं में 62 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 291 व्यक्ति घायल हुए। 1-9-1973 से 31-1-1974 तक की अवधि में 54,081 रुपए की रकम मुआवजे के रूप में दी गई।

(घ) और (ङ) सभी दुर्घटनाओं की जांच की गई है।

इन दुर्घटनाओं के कारण निम्नलिखित हैं :—

कारण	दुर्घटनाओं की संख्या
(i) रेल कर्मचारियों की गलती	190
(ii) रेल कर्मचारियों से भिन्न अन्य कर्मचारियों की गलती . .	57
(iii) रेलवे उपस्करों की खराबी	54
(iv) आकस्मिक . . .	21
(v) कारण ज्ञात न हो सका	6
(vi) कारण जिसका अन्तिम रूप से निर्णय अभी नहीं हुआ है .	23
जोड़	351

पांचवी योजना के पहले वर्ष में आन्ध्र प्रदेश के लिए बड़ी सिंचाई योजनाएं

3658. **श्री एम० एस० संजीवी राव** : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पांचवीं पंचवर्षीय योजना के पहले वर्ष में आन्ध्र प्रदेश के लिए कितनी बड़ी सिंचाई योजनाएं आरम्भ करने का विचार है ; और

(ख) इन योजनाओं की मुख्य रूपरेखा क्या है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद): (क) और (ख) : 1974-75 के लिए आंध्र प्रदेश की वार्षिक योजना को अभी अन्तिम रूप दिया जाना है।

न्यू सेंट्रल जूट मिल्स कम्पनी द्वारा वाराणसी में अमोनिया यूरिया उद्योग समूह की स्थापना के लिये अनुमति मांगना

3659. **श्री एम० राम गोपाल रेड्डी**
श्री प्रबोध चन्द्र } : क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या न्यू सेन्ट्रल मिल्स कम्पनी ने वाराणसी में अमोनिया यूरिया उद्योग समूह की स्थापना के लिए अनुमति मांगी थी ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार का क्या निर्णय था ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) जी हां।

(ख) अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

दक्षिण रेलवे में कोयले की कमी के कारण डीजल से रेलगाड़ियां चलाना

3660. **श्री एम० राम गोपाल रेड्डी**
श्री राम सहाय पाण्डे } : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कोयले की कमी के कारण दक्षिण रेलवे में अनेक गाड़ियों में डीजल से चलने वाले इंजन लगाने का निश्चय किया है; और

(ख) यदि हां, तो डीजल से चलने वाले इंजन कितनी रेलगाड़ियों में लगाये जायेंगे।

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) और (ख) : यात्री गाड़ियों का डीजलीकरण कई उद्देश्यों से किया जाता है, जैसे गाड़ियों में डिब्बों की संख्या बढ़ाना, निर्धारित रफ्तार में वृद्धि करना आदि। यात्री गाड़ियों का डीजलीकरण डीजल रेल इंजनों, जिनकी आवश्यकता मुख्य रूप से आवश्यक माल यातायात की ढुलाई के लिए पड़ती है, की कुल उपलब्धता को ध्यान में रखकर एक निर्धारित कार्यक्रम के आधार पर किया जा रहा है। अन्य बातें सामान्य होने पर, डीज़लीकरण के मामले में उन क्षेत्रों को तरजीह दी जाती है जो कोयला क्षेत्रों से अपेक्षाकृत अधिक दूरी पर स्थित हैं। तदनुसार 207/208 कर्नाटक एक्सप्रैस को 28-2-1974 से डीजल इंजन से चलाया जा रहा है। निकट भविष्य में दक्षिण रेलवे पर 101/102 मद्रास-रामेश्वरम एक्सप्रैस और 103/104 तिरुचिरापल्लि-तुत्तुकुडि एक्सप्रेस गाड़ियों को भी डीज़ल इंजनों से चलाने का विचार है।

Agreement between Oil India and Iraq for Oil Exploration

3661. Shri Shrikrishna Agarwal : Will the Minister of **Petrolcum and Chemicals** be pleased to state :

(*a*) whether under the agreement concluded with Iraq the experts of the Oil-India paid a visit to that country recently with the object of prospecting oil there;

(*b*) if so, the facts thereof; and

(*c*) the success expected in this regard ?

The Minister of State in the Ministry of Petroleum ad Chemicals (Shri Shah Nawaz Khan): (*a*) to (*c*) : No agreement has been concluded with iraq by Oil India Limited. Presumably the reference is to the agreement concluded with Iraq by the ONGC on August 20, 1973.

The ONGC has already set up a project office in Iraq for conducting the operations in the area covered by the contract between the Commission and the Iraq National Oil Company (INOC). The Commissions personnel are already in Iraq for conducting seismic surveys in the contracted area which are expected to commence shortly. exploring for oil is a time consuming process and it is too early to comment on the success, if any that may be achieved.

सभी श्रेणियों के रेल कर्मचारियों की पेंशन की न्यूनतम राशि में वृद्धि करना

3662. **श्री पी० जी० मावलंकर** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सभी श्रेणियों के रेल कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन-राशि को बढ़ाकर 40 रुपये प्रति माह करने का सरकार का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो कब ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) वर्तमान आदेशों के अधीन पेंशनीय कर्मचारियों को देय पेंशन की न्यूनतम रकम 40 रुपये मासिक है ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता ।

गुजरात में बिजली का संकट

3663. **श्री पी० के० मावलंकर** : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि अहमदाबाद तथा गुजरात के अनेक अन्य नगरों और स्थानों में बिजली का भारी संकट है; और

(ख) यदि हां, तो इस स्थिति को सुधारने के लिए सरकार क्या तत्काल कार्यवाही कर रही है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) और (ख). तारापुर परमाणु विद्युत् केन्द्र से, जहां कि एक यूनिट में दुबारा ईंधन लेने के लिए उसे काम से हटा लिया गया है तथा दूसरे को अनुरक्षण कार्यों के लिये शीघ्र ही कार्य से हटा लेने की संभावना है (जिसमें लगभग एक सप्ताह लगेगा) कम बिजली उपलब्ध होने के कारण बिजली सप्लाई में कुछ प्रतिबन्ध लगाए गए हैं । ये मार्च, 1974 तक लागू रहेंगे ।

राज्य में अतिरिक्त विद्युत् उत्पादन क्षमता को चालू करने में शीघ्रता लाई जा रही है । उकई जल विद्युत् केन्द्र में 75-75 मैगावाट की दो यूनिटों के अप्रैल, और जून, 1974 में चालू करने की संभावना है ।

अहमदाबाद और गांधीनगर के बीच ब्राडगेज लाइन

3664. **श्री पी० जी० मावलंकर** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अहमदाबाद और गांधीनगर के बीच ब्राडगेज लाइन के निर्माण कार्य प्रगति पर है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उस मार्ग पर ब्राड-गेज लाइन पर आवागमन कब से आरम्भ हो जायेगा ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) जी हां ।

(ख) इस परियोजना पर वास्तविक प्रगति 35 प्रतिशत से ऊपर हुई है। दिसम्बर, 1974 तक इस लाइन के पूरा हो जाने और माल यातायात के लिए खुल जाने की संभावना है और आशा है, सवारी यातायात के लिए यह लाइन मई, 1975 में खुल जायेगी।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

रेलवे संचालन के विभिन्न एककों में नियुक्त नैमित्त कर्मचारी

3665. **श्री पी० जी० मावलंकर** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार रेलवे संचालन के विभिन्न एककों में नैमित्तिक कर्मचारियों को काम पर रखती है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे नैमित्तिक कर्मचारियों की संख्या कितनी है तथा मोटे तौर पर उनकी श्रेणियां क्या हैं तथा वे किस प्रकार का कार्य करते हैं ?

(ग) ऐसे कितने नैमित्तिक कर्मचारी 5, 10, 15 और 20 वर्षों में से अधिक समय से काम पर हैं; और

(घ) इन कर्मचारियों को स्थायी न करने के क्या कारण हैं।

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) और (ख) नैमित्तिक मजदूरों को अधिकांश: सामयिक, छुटपुट और सविरामी ढंग के निर्माणकार्यों की अकुशल कोटियां तथा परियोजनाओं में काम पर लगाया जाता है। उनके काम की किस्म में गर्मी में गाड़ी में यात्रियों के लिये पानी की व्यवस्था, मानसून के समय रेल पथ पर गश्त लगाना, बाढ़ से क्षति ग्रस्त होने पर मरम्मत का काम शामिल है। उन्हें विशेष कामों जैसे मिट्टी बिछाने, फिर से स्लीपर बिछाने, फिर से लाइन बिछाने और इमारतों तथा पुलों आदि के निर्माण में भी काम पर लगाया जाता है । 31-3-73 को नैमित्तिक मजदूरों की संख्या 3,16,890 थी।

(ख) 17,048 मजदूर 5 से 10 वर्ष के बीच और 2773 मजदूर 10 वर्ष से अधिक समय के लिए नियोजित किये गये थे ।

(घ) जब कभी नियमित रिक्तियां होती हैं, छान-बीन समितियों द्वारा उपयुक्त पाये गये नैमित्तिक मजदूरों को नियुक्त करने पर विचार किया जाता है लेकिन, नियमित पदों पर आमलित करने की सम्भावना सीमित होती है ।

उत्तर प्रदेश के जूनियर इंजीनियरों द्वारा हड़ताल

3666. **श्री पी० जी० मावलंकर**
श्री प्रसन्ना भाई मेहता } : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में 22,000 जूनियर इंजीनियरों ने 10 जनवरी, 1974 से अनिश्चित काल को एवं आम हड़ताल कर रखी है ?

(ख) क्या देश के अन्य भागों में भी इसी प्रकार की हड़ताल फैल रही है और यदि हां, तो इसका राज्यों पर क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ग) हड़ताली इंजीनियरों की मांगों की पूर्ति के लिये सरकार ने क्या उपाय किये हैं ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (श्री कृष्ण चन्द पन्त) : (क) उत्तर प्रदेश में सभी इंजीनियरिंग विभागों में काम कर रहे लगभग 15,000 जूनियर इंजीनियरों (राज्य बिजली बोर्ड समेत) में अधिकांश 10 जनवरी, 1974 से हड़ताल पर आए ।

(ख) विभिन्न राज्यों से प्राप्त सूचना से पता चलता है कि इस हड़ताल से अन्य राज्यों पर प्रभाव नहीं पड़ा है ।

(ग) इस मामले से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ही सक्षम है ।

तेल शोधन कारखानों को कच्चे तेल की अपर्याप्त सप्लाई

3667. **श्री रामावतार शास्त्री**
श्री के० मालन्ना } : क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में तेल शोधन कारखाने कच्चे तेल की अपर्याप्त सप्लाई के कारण अपनी क्षमता से बहुत कम क्षमता पर चल रहे हैं जिससे बहुत अधिक हानि हो रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या हैं ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज़ खां) : (क) और (ख) . समस्त चार अन्तरदेशीय परिष्करणशालाएं देशज आशोधित तेल पर ही आधारित हैं जो असम और गुजरात के तेल क्षेत्रों से उनको सप्लाई किए जाने वाले देशज अशोधित तेल की सम्पूर्ण मात्रा का शोधन कर रही है। बरौनी परिष्करण शाला देशज असम अशोधित तेल के अतिरिक्त प्रति वर्ष 0·5 से 0. 6 मिलियन मीटरी टन आयातित अशोधित तेल का भी अब शोधन कर रही है।

पांच तटवर्ती परिष्करण शालाओं का जहां तक सम्बन्ध है, वे आयातित अशोधित पर आधारित है । अशोधित तेल की परिवहन व्यवस्था करने में कठिनाइयों सहित, तत्वों के संयोग के कारण कोचीन परिष्करणशाला अपनी क्षमता से कम कार्य कर रही है। इन कठिनाइयों पर उत्तरोत्तर काबू पाया जा रहा है।

भारतीय रेलों में विद्युत् विभाग में टी० एल० आई० बिजली घरों और हैड लाइट अनुभागों में कुशल कारीगरों की नियुक्ति के लिये निर्धारित मापदण्ड

3668. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय रेलों में विद्युत् विभाग में टी० एल० आई० बिजली घरों और हैड लाइट अनुभागों में कुशल कारीगरों की नियुक्ति के संबंध में कोई मापदण्ड निर्धारित है;

(ख) क्या विद्युत विभाग में कुशल, अर्द्ध-कुशल कारीगरों के संवर्गों की दरों में कोई प्रतिशतता निर्धारित है;

(ग) क्या उपरोक्त निर्धारित मापदण्डों के आधार पर ही कर्मचारी नियुक्त हैं और यदि हां, तो पूर्व रेलवे में विद्युत् विभाग में टी० एल० आई० बिजली-घरों और हैड लाइट अनुभागों में क्या प्रतिशतता है ; और

(घ) निर्धारित मापदण्ड की मुख्य बातें क्या हैं और पूर्व रेलवे में विद्युत विभाग में प्रत्येक अनुभाग में क्या प्रतिशतता है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) रेलवे बोर्ड द्वारा कोई माप-दण्ड निर्धारित नहीं किया गया है। रेलों ने मार्ग-दर्शन के लिए कुछ अपने सिद्धान्त निश्चित कर रखे हैं।

(ख) जी नहीं ।

(ग) और (घ) सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी । ।

रेलवे अस्पताल, दानापुर (पश्चिम रेलवे) के टी० बी० वार्ड में मेडिकल कर्मचारियों को टी० वी० भत्ते की अदायगी

3669. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

(क) क्या रेल अस्पतालों के टी० बी० वार्ड में काम कर रहे मेडिकल कर्मचारियों को टी० बी० भत्ता दिया जाता है;

(ख) क्या पूर्वी रेलवे के दानापुर रेलवे अस्पताल में टी० बी० वार्ड में काम कर रहे मैडिकल कर्मचारियों को पिछले कुछ सालों से टी० बी० भत्ते की अदायगी नहीं की जा रही है; और

(ग) क्या रेलवे अस्पतालों की शय्याओं से सम्बद्ध नर्सों, परिचारिकों और सफाई वालों के लिए कोई मापदण्ड निर्धारित किया गया है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) केवल नर्सों के पदों के सृजन के लिए ही मापदण्ड निश्चित है, परिचरों और सफाई वालों के लिए नहीं ।

विद्युत् संयंत्रों को कोयले की सप्लाई

3670. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में कोयले पर आधारित विद्युत् संयंत्र कोयले के अभाव के कारण बन्द होने की स्थिति में है ;

(ख) क्या इसके परिणामस्वरूप पिछले कुछ महीनों में विद्युत उत्पादन में गिरावट आई है; और

(ग) यदि हां, तो इन संयंत्रों को कोयले की सप्लाई करने के लिए सरकार ने क्या उपाय किये हैं और इस संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पंत) : (क) यद्यपि कुछ मामलों में कोयले के स्टाक का सामान्य स्तर, कुछ मामलों में तो यहां तक कि खपत के 1/2 दिन के स्तर तक नीचे चला गया था, सब मिलाकर, कोयले की अनुपलब्धता के कारण किसी विद्युत् केन्द्र को बन्द अथवा विद्युत् जनन पर प्रतिबन्ध नहीं लगाना पड़ा था।

(ख) और (ग) : जी, नहीं । बहरहाल, विद्युत् केन्द्रों के लिए कोयले की सप्लाई बनाए रखने हेतु खान विभाग एवं रेलवे मंत्रालय के साथ संयुक्त रूप से लगातार प्रयत्न किए जा रहे हैं :—

1. विद्युत् केन्द्रों को कोयले के मासिक आवंटन का पुनरीक्षण करने हेतु खान विभाग में एक स्थायी सम्पर्क समिति का गठन किया गया है ।
2. विभिन्न विद्युत् केन्द्रों में कोयले की प्रतिदिन सप्लाई और भंडारों का पुनरीक्षण करने के लिये रेलवे मंत्रालय में एक नियन्त्रण कक्ष स्थापित किया गया है ।
3. ताप विद्युत् केन्द्रों को कोयला ले जाने के लिए वैगनों के लदान का पुनरीक्षण करने हेतु कलकत्ता में एक संयुक्त एकक का सृजन किया गया है।

पूर्वोत्तर रेलवे मजदूर यूनियन, समस्तीपुर की मांगें स्वीकार करना

3671. **श्री भोगेन्द्र झा** : क्या रेल मंत्री पूर्वोत्तर रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा 30 अक्तूबर, 1973 को समस्तीपुर में प्रदर्शन के सम्बन्ध में 27 नवम्बर, 1973 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2393 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) उत्तर में उल्लिखित मांगों में से कौन-कौन सी मांग स्वीकार कर ली गई है। कार्यान्वित कर दी गई है अथवा अस्वीकार कर दी गई है ; और

(ख) उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) और (ख) : एक विवरण संलग्न है । (ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 6475/74) ।

खजौली तथा जयनगर स्टेशनों के मध्य कोरैया को और कमतौल तथा जोगीआडा के मध्य मरैथा को 'हाल्ट स्टेशन' बनाना

3672. **श्री भोगेन्द्र झा** : क्या रेल मंत्री खजौली तथा जयनगर स्टेशनों के मध्य कोरैया को और कमतौल तथा जोगीआड़ा के मध्य मरैथा को 'हाल्ट स्टेशन' बनाने के बारे में 20 नवम्बर, 1973 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1247 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस बीज श्रमदान द्वारा मिट्टी आदि का कार्य पूरा हो गया है तथा क्या कोरैया में 'हाल्ट स्टेशन' चालू हो गया है और यदि नहीं, तो इसमें विलम्ब के क्या कारण हैं ;

(ख) क्या मई, 1973 के बाद मरैथा में 'हाल्ट स्टेशन' बनाने के प्रस्ताव पर पुनः विचार किया गया है और इस प्रस्ताव को मंजूरी देने का निर्णय किया गया है;

(ग) यदि हां, तो इसकी मुख्य बातें क्या हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो इसमें विलम्ब के क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) जी हां, मिट्टी का काम तो पूरा हो चुका है परन्तु अन्य निर्माण संबंधी कार्य अभी चल रहे हैं । इन कार्यों के पूरा होते ही हाल्ट स्टेशन खोल दिया जायगा।

(ख) से (घ) पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा प्रस्ताव पर पुनः जांच कर ली गई है और अब रिपोर्ट रेल मंत्रालय के संवीक्षाधीन है।

Proposal to convene a meeting of Political Parties by the Election Commission

3673. **Shri Phool Chand Verma** : Will the Minister of **Law, Justice and Company Affairs** be pleased to state :

(*a*) whether the Election Commission has not convened any meeting of the political parties since 1968;

(*b*) if so, the reasons therefor;

(*c*) whether the Jan Sangh President had requested the Election Commission to convene an immediate meeting of political parties in order to ensure peaceful elections to Uttar Pradesh and other State Legislature Assemblies; and

(*d*) if so, what action was taken thereon ?

The Minister of State in the Ministry of Law, Justice and Company Affairs (Shri Nitiraj Singh Chaudhary): (*a*) No conference of political parties has been convened by the Election Commission since 1968.

(*b*) The Conference of political parties in May, 1968, was convened for the purpose of ascertaining their views in regard to the provisions to be made in the Election Symbols (Reservation and Allotment) Order issued on 31st August, 1968. No question of such general importance has arisen since then.

(*c*) No, Sir.

(*d*) Does not arise.

Survey of Indore-Mhow Broad Gauge Line

3674. Shri Phool Chand Verma : Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(*a*) whether survey of Indore-Mhow broad gauge line has been completed; and

(*b*) if so, salient features in this regard ?

The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri Mohd. Shafi Qureshi) : (*a*) Yes.

(*b*) The reconnaissance survey carried out for the extension of the broad gauge line from Indore to Mhow has shown that this 21·01 km. long line would cost Rs. 2·13 crores and yield a negative return in the 6th year after opening. After due examination of the report, this unremunerative project has been shelved.

गंगा-कावेरी-लिंक परियोजना के कार्य में प्रगति

3675. श्री के० रामकृष्ण रेड्डी
श्री श्याम सुन्दर महापात्र } : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गंगा-कावेरी लिंक परियोजना के कार्य में प्रगति हुई है ;

(ख) क्या उसके लिए अन्तर्राष्ट्रीय विकास बैंक की सहायता मांगी गई है ; और

(ग) क्या राज्य सरकार इस प्रस्ताव का समर्थन कर रही हैं ?

सिंचाई और विद्युत मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) और (ग). विभिन्न नदी प्रणालियों को जोड़ने वाले सम्पर्कों को अभिज्ञात करने के लिए अपेक्षित विभिन्न उप-बेसिनों, बेसिनों, इलाकों और क्षेत्रों को कमियों तथा वेशियों के अध्ययन और उसके उपरांत और आवश्यक अन्वेषणों को पांचवीं योजना में शुरू करने का प्रस्ताव है। आशा की जाती है कि पांचवीं योजना की अवधि के दौरान इन अध्ययनों और अन्वेषणों के लिए लगभग 35 करोड़ रुपये उपलब्ध होंगे। ये अध्ययन और अन्वेषण संबंधित राज्य सरकारों के सहयोग से करने का प्रस्ताव है।

(ख) जी, नहीं।

मचरेला-सिकन्दराबाद रेल लाइन के निर्माण पर लागत और उसका पूरा होना

3676. श्री के० रामकृष्ण रेड्डी : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) मचेरला-सिकन्दराबाद नई रेल लाइन के निर्माण में कितनी प्रगति हुई है ;

(ख) वर्ष 1974-75 के दौरान उस पर क्या कार्य किये जाने का प्रस्ताव है; और

(ग) उक्त परियोजना पर कुल कितनी लागत आएगी और यह नई लाइन कितने समय में पूरी हो जायेगी ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) और (ख) : नडिकुडे-वीवीनगर नई बड़ी लाइन परियोजना के पूरा हो जाने और माचेर्ला-गुंटूर लाइन का बड़ी लाइन में बदलाव हो जाने के बाद माचेर्ला और सिकन्दराबाद के बीच नई बड़ी लाइन स्थापित हो जायेगी। निर्माण के लिए इन दोनों परियोजनाओं को 1974-75 बजट में शामिल कर लिया गया है।

(ग) अनुमान है कि इन परियोजनाओं पर 22.82 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। इन परियोजनाओं को पूरा करने की निर्धारित तारीख 1-4-1979 है।

पश्चिमी बंगाल विधानसभा के उप-निर्वाचन के बारे में प्राप्त हुई शिकायतें

3677. **श्री मधु दण्डवते** : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निर्वाचन आयोग को, पश्चिम बंगाल के मायघाट निर्वाचन-क्षेत्र से विधान सभा के लिए होने वाले उप-निर्वाचन के दौरान आतंकवाद, बूथों पर बलात् कब्जा करने और विरोधी उम्मीदवारों को हथियारों से धमकियां देने के बारे में शिकायतें मिली हैं।

(ख) क्या इन अनुचित उपायों के विरोध में समाजवादी दल के उम्मीदवार ने अपना नाम वापस ले लिया था; और

(ग) स्वतन्त्र और निष्पक्ष निर्वाचनों पर रोक लगाने वाली इन अलोकतान्त्रिक प्रथाओं को समाप्त करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नीतिराज सिंह चौधरी) :

(क) जी हां।

(ख) रिटर्निंग आफिसर को, समाजवादी दल से अपने अभ्यर्थी का नाम वापस ले लेने के निर्णय की लिखित प्रज्ञापना मतदान की तारीख को लगभग चार बजे अपराह्न में प्राप्त हुई थी।

(ग) निर्वाचन आयोग द्वारा 28 फरवरी, 1974 को सात प्रभावित मतदान केन्द्रों में फिर से मतदान कराने का आदेश दिया गया। इसके साथ ही, आयोग ने पश्चिम बंगाल सरकार के मुख्य सचिव से विधि और व्यवस्था बनाए रखने और निर्बाध और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रबंध करने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त, आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचक आफिसर को घटनाओं की पूर्ण जांच करने के लिए भी निदेशित किया।

बड़े जलाशयों में गाद जमा होने की आशंका

3678. **श्री देवेन्द्र सिंह गरचा**
श्री राम सहाय पाण्डे } : क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के 22 बड़े जलाशयों में गाद के जमा हो जाने की आशंका है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) और (ख) : देश के कुछ जलाशयों में गाद की मात्रा का मूल्यांकन करने के लिए अब तक किए गए सर्वेक्षणों और अनुसंधानों से पता चला है कि गाद वास्तव में उम्मीद से ज्यादा पड़ रही है परन्तु इससे संचय जलाशय के सक्रिय अवधि पर कोई गम्भीर प्रभाव नहीं पड़ेगा। बहरहाल, जब तक गाद जमा होने की गति के संबंध में कोई विश्वसनीय निष्कर्ष नहीं निकलता, पर्यवेक्षणों को कई वर्षों तक चालू रखना पड़ेगा।

जलाशयों में गाद जमा होने की गति कम करने के लिए, केन्द्र द्वारा आयोजित कृषि मंत्रालय के कार्यक्रम के अन्तर्गत 21 नदी घाटी परियोजनाओं के वाह क्षेत्रों में वाटरशेड प्रबंध तथा भू-संरक्षण उपाय किए जा रहे हैं।

राजधानी में रिंग रेलवे का निर्माण

3679. **श्री नरेन्द्र कुमार सांधी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्तमान तेल स्थिति और दिल्ली में असन्तोषजनक सार्वजनिक परिवहन सेवा को ध्यान में रखते हुए राजधानी में रिंग रेलवे के निर्माण में द्रुत गति लाने के लिए सरकार ने कोई कार्यवाही की है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में वर्तमान प्रगति का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) और (ख) : दिल्ली में व्यापक द्रुत पारवहन प्रणाली की व्यवस्था के लिए तकनीकी-एवं-आर्द्रिक व्यावहारिकता सर्वेक्षण का काम विशेष रेलवे संगठन द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए योजना आयोग द्वारा गठित महानगर परिवहन दल ने पहले सिफारिश की थी। निर्माण कार्य का विस्तार और उसके कार्यक्रम के बारे में कोई विनिश्चय रेलवे दल की रिपोर्ट मिलने पर ही किया जायेगा।

बम्बई और कलकत्ता में भूमिगत रेल व्यवस्था के सम्बन्ध में हुई प्राप्ति

3680. **श्री नरेन्द्र कुमार सांधी**
श्री समर गुह } : क्या रेल मंत्री ये बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बम्बई और कलकत्ता में भूमिगत रेल व्यवस्था के सम्बन्ध में अब तक कितनी प्रगति हुई है; और

(ख) इन परियोजनाओं के काम को तेज करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरैशी) : (क) और (ख) : एक विवरण संलग्न है ।

विवरण

बम्बई

बम्बई नगर के लिए व्यापक द्रुत पारवहन योजना में उपनगरीय लाइनों की बगल में गोरेगांव से कुर्ला तक सतही रेलवे लाइन और फार्ट-मार्किट में समाप्त होने वाली थोड़ी दूरी की भूगत रेलवे शामिल है। अन्तिम मार्ग निर्धारण सर्वेक्षण और विस्तृत योजना सम्बन्धी काम हो रहा है और आशा है यह 1974 में पूरा हो जायेगा। इस लाइन का निर्माण-कार्य शुरू करने के उद्देश्य से 1974-75 के बजट में 4.65 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। इस योजना में के 5 वर्ष में पूरा होने की सम्भावना है।

इसके अलावा बान्द्रा के रास्ते कोलाबा से कुर्ला तक एक ट्यूब रेलवे बनाने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है और व्यवहारिकता अध्ययन किये जा रहे हैं।

कलकत्ता

कलकत्ता नगर के लिये टालीगंज से दमदम तक एक द्रुत पारवहन भूगत रेलवे लाइन की योजना बनायी गई है और 1972 में इसके निर्माण का जो काम शुरू किया गया था, उसमें प्रगति हो रही है। यह काम सोवियत रूस की सरकार की सहायता से किया जा रहा है। इस परियोजना को 1979 तक पूरा करने का कार्यक्रम बनाया गया है ।

हिमाचल प्रदेश की पनबिजली क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए सर्वेक्षण

3681. **श्री कमल मिश्र मधुकर**
श्री भान सिंह भोरा } : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हिमाचल प्रदेश की पनबिजली क्षमता का मूल्यांकन करने के बारे में कोई सर्वेक्षण किया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी मुख्य बातें क्या हैं और इससे ऊर्जा संकट किस हद तक दूर हो सकता है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) से (ग) : हिमाचल प्रदेश द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार राज्यों को जल विद्युत् शक्यता 5100 मैगावाट (सतत्) है जैसाकि नीचे दी गई है :—

यमुना बेसिन	120 मैगावाट
सतलुज बेसिन	2400 मैगावाट
ब्यास बेसिन	1320 मैगावाट
रावी बेसिन	630 मैगावाट
चनाव बेसिन	330 मैगावाट

विद्युत् शक्यता, यदि विकसित की गई, उत्तरी क्षेत्र में ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बड़ी सहायक होगी। 1500 मैगावाट की कुल प्रतिष्ठापित क्षमता वाली जल विद्युत् परियोजनाएं पहले ही राज्य में निर्माणाधीन हैं। संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार जल विद्युत् विकास की योजना में उच्च प्राथमिकता दी जाती है।

उत्तरी राज्यों के कृषि फार्मों में बिजली की कमी

3682. **श्री गजाधर माझी**
श्री के० मालन्ना } : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि विशेष रुप से उत्तरी राज्यों के कृषि फार्मों में बिजली की अत्यधिक कमी है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) और (ख) : उत्तरी क्षेत्र के राज्यों में विद्युत् की उपलब्धता पूरी मांग की पूर्ति करने के लिए पर्याप्त नहीं है। बहरहाल, विद्युत् की उपलब्धता मात्रा में से कृषि उद्देश्यों के लिए विद्युत् सप्लाई करने को राज्यों द्वारा उच्च प्राथमिकता दी गई है। विद्युत्/ऊर्जा कटौतियां मुख्यतया गैर-कृषि भारों पर लगाई गई हैं तथा विद्युत् की उपलब्धता में सुधार लाने के लिए भार स्टेगरिंग भी लागू की गई है।

क्षेत्र में ताप विद्युत् केन्द्रों में उत्पादन को अधिकतम करने के लिए तथा अंतयोजित प्रचालनों द्वारा उत्पादन तथा पारेषण सुविधाओं को अधिकतम करने के लिए भी उपाय किए गए हैं। विद्युत् के अंतक्षेत्रीय विनिमय की भी व्यवस्था की जा रही है। इसके अतिरिक्त, रबी फसल के लिए ऊर्जा सप्लाई को बढ़ाने के उद्देश्य से इस मास में भाखड़ा से नंगल उर्वरक कारखाने की विद्युत् सप्लाई 124 मेगावाट से घटा कर 68 मैगावाट कर दी गई है।

कृषि की आवश्यक विद्युत् मांगों को इस प्रकार पूरा किया जा रहा है।

कम्पनी कानून के उपबन्धों का उल्लंघन

3683. **श्री नवल किशोर सिन्हा** : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री कम्पनी कानून के उपबन्धों के उल्लंघन के बारे में 20 नवम्बर, 1973 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1395 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करें कि :

(क) क्या वर्ष 1970-71 तथा 1971-72 के दौरान कम्पनी कानून के उपबन्धों का उल्लंघन करने वाली कम्पनियों के नामों संबंधी जानकारी इस बीच एकत्रित कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री वेदव्रत बरुआ) : (क) हां, श्रीमान् जी।

(ख) उत्पन्न नहीं होता।

(ग) देश में 36000 के लगभग कम्पनियाँ हैं और औसतन प्रत्येक वर्ष 2000 कम्पनियों के विरुद्ध 6000 अभियोग चलाए जाते हैं। उल्लंघन मुख्यत: सामान्य प्रकृति के हैं, जैसे तुलन-पत्र का प्रस्तुन न किया जाना, सांविधिक बैठकों को विलम्बित सम्पन्न करना, वार्षिक महासभा की बैठकें सम्पन्न न करना और सांविधिक विवरणियां प्रस्तुत न करना। इन उल्लंघनों

के विषय में सांख्यिकीय आंकड़े कम्पनी अधिनियम के कार्यकरण की वार्षिक रिपोर्ट में, जो संसद के समक्ष प्रस्तुत की जाती है, दिये जाते हैं।

दो वर्ष की अवधि में चलाए गए अभियोगों के विषय में, कम्पनियों के नाम प्रत्येक मामले में उल्लंघन, की गई कार्यवाही, अनिर्णीत जांचों आदि के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना के संकलन में काफी समय और परिश्रम ग्रस्त होगा और इस विभाग के दृष्टान्त पर संसदीय कार्य विभाग ने 21 जनवरी, 1974 की इस विभाग को अपने वर्तमान रूप में वचन पूर्ण किये जाने से मुक्ति के लिए सरकारी वचनों की समिति से सम्पर्क किया है। समिति की प्रतिक्रियाएं अभी तक हमें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

विदेशी कम्पनियों पर विदेशी मुद्रा विनियम अधिनियम का लागू किया जाना

3684. **श्री बेकारिया**
श्री अरविन्द एम० पटेल } : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेशी मुद्रा विनियम अधिनियम प्रभावी होने से पहले कुछ विदेशी कम्पनियां ठेकेदारी अथवा उप-लाइसेंसिंग के काम में संलग्न थी ; और

(ख) यदि हां, तो उन कम्पनियों का ब्यौरा क्या है और विदेशी मुद्रा विनियम अधिनियम के अधीन उन के बारे में अब क्या कार्यवाही की गई है?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री वेदव्रत बरुआ) : (क) तथा (ख) : सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर प्रस्तुत कर दी जाएगी।

माल-डिब्बों का उत्पादन करने सम्बन्धी नीति का पुनरीक्षण

3685. **श्री बेकारिया**
श्री० डी० पी० जदेजा } : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे ने माल डिब्बों का उत्पादन करने सम्बन्धी अपनी नीति में संशोधन किया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी मुख्य बातें क्या हैं;

(ग) क्या रेलवे ने 500 माल डिब्बों के निर्माण के लिए अभी हाल में आदेश दिया है; और

(घ) यदि हां, तो किसे आदेश दिया गया है और उस की शर्तें क्या हैं?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) हाल में माल डिब्बों के लिए कोई आर्डर नहीं दिया गया है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

भविष्य-निधि अनुभाग, डिवीजनल लेखा कार्यालय, नई दिल्ली (उत्तर रेलवे) के सुपरवाइजरी कर्मचारियों द्वारा गलत मासिक रिपोर्ट का दिया जाना

3686. **श्री धनशाह प्रधान :** क्या रेल मंत्री भविष्य निधि अनुभाग, डिवीजनल लेखा कार्यालय, नई दिल्ली (उत्तर रेलवे) के सुपरवाइजरी कर्मचारियों द्वारा गलत मासिक रिपोर्ट के दिया जाने के बारे में 4 दिसम्बर, 1973 के अतारांकित प्रश्न सं० 3665 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शेष दो कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासन की कार्यवाही पूरी हो गई है; और

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) और (ख) : बाकी के दो कर्मचारियों में से एक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही पूरी हो चुकी है। उसके मामले में एक सेट पास और दो सेट पी० टी० ओ० बन्द कर दिये गये हैं। दूसरे कर्मचारी के मामले में अभी कार्यवाही चल रही है।

साहिबाबाद, दिल्ली डिवीजन (उत्तर रेलवे) में कार्य कर रहे बुकिंग क्लर्कों को उनकी देय राशियों की अदायगी न करना

3687. **श्री महादीपक सिंह शाक्य :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या साहिबाबाद, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे पर इस समय काम कर रहे कुछ बुकिंग क्लर्कों को दिसम्बर, 1972 में उनकी बीमारी की अवधि के सम्बन्ध में उन्हें अभी तक उनकी देय राशि की अदायगी नहीं की गई है;

(ख) यदि हां, तो इस असामान्य विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार का विचार इस प्रकार की अदायगियों में जानबूझ कर विलम्ब करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही करने का है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मव शफी कुरैशी) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

वाणिज्यिक शाखा, प्रभागीय कार्यालय, नई दिल्ली (उत्तर रेलवे) में काम कर रहे आफिस क्लर्कों का स्थानान्तरण

3688. **श्री महादीपक सिंह शाक्य :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वाणिज्यिक शाखा, प्रभागीय कार्यालय, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली में काम कर रहे कुछ आफिस क्लर्कों (ग्रेड 130-300 रु०) (ए० एस०) को कुछ अज्ञात व्यक्तियों को शिकायत के आधार पर फरवरी, 1972 में मुख्यालय के रिफण्ड अनुभाग में स्थानान्तरित कर दिया गया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या कर्मचारियों को आरोपों का उत्तर देने के लिए कोई अवसर दिया गया था; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या वर्ष 1972 के अनेक महीनों के छुट्टी वेतन की अदायगी इन कर्मचारियों को नहीं की गई है; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) और (ख). प्रशासनिक आधार पर केवल एक क्लर्क का स्थानान्तरण किया गया था जो उसी अनुभाग में लगभग 6 वर्षों से लगातार कार्य कर रहा था।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

प्रभागीय लेखा-अधिकारी कार्यालय नई दिल्ली (उत्तर रेलवे) के उपप्रभारी कर्मचारियों का निलम्बित किया जाना

3689. **श्री महादीपक सिंह शाक्य** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रभागीय लेखा-अधिकारी कार्यालय, नई दिल्ली (उत्तर रेलवे) में काम कर रहे कुछ उप-प्रभारी कर्मचारियों (ग्रेड 210–380 रु० (ए० एस०) को वर्ष 1973 में गम्भीर कदाचार के आरोप में निलम्बित किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या ऐसे कर्मचारियों को बड़ा दण्ड देने के लिए कोई आरोप पत्र दिया गया है ;

(ग) क्या अनुशासन और अपील नियमों के अधीन किसी सांविधिक जांच का आदेश दिया गया है; और

(घ) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरशी) : (क) जी हां, केवल एक।

(ख) जी हां।

(ग) जी हां।

(घ) अभी जांच हो रही है।

नेपाल को पैट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई

3690. **श्री जी० वाई० कृष्णन**
श्री जगन्नाथ मिश्र } : क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि भारत द्वारा नेपाल को कितनी मात्रा में पैट्रोलियम–उत्पाद सप्लाई किये जा रहे हैं और इस संबंध में हुए करार की शर्तें क्या हैं ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : 1973 के दौरान नेपाल को लगभग 73,000 मीटरी टन पैट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई की गई थी।

एक नेपाली शिष्टमंडल ने फरवरी, 1974 में भारत का दौरा किया था तथा भारतीय शिष्ट-मण्डल से विचार-विमर्श किया था। इस बातचीत के दौरान नेपाल को पी० ओ० एल० उत्पादों की सप्लाई की मात्रा का पुनरीक्षण किया गया था। और बातों के साथ साथ, यह बात मान ली गई थी कि उन आवश्यकताओं, जिन के बारे में भारत ने नेपाल को सप्लाई करने की पहले ही जिम्मेवारी ली थी, से अधिक के लिये नेपाल तेल निगम तथा भारतीय तेल निगम पूरा पूरा सहयोग करेंगे ताकि पी० ओ० एल० मदों का नेपाल को आयात किया जाना सुविधाजनक बनाया जा सके। यह बात भी मान ली गई थी कि भारत देख-रेख, परिवहन, भंडार तथा शोधन संबंधी सुविधाओं की व्यवस्था करेगा और नेपाल द्वारा अपेक्षित पी० ओ० एल० मदों के मिश्रण, उत्पाद विनिमय आधार पर की, नेपाल को सप्लाई करने से संबंधित उपयुक्त प्रबन्ध भी करेगा।

केरल में पहले से चली आ रही निर्माणाधीन परियोजनाओं की लागत में वृद्धि

3691. श्री के० पी० उन्नीकृष्णन
श्री वयालार रवि } :क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल राज्य में पहले से चली आ रही प्रत्येक निर्माणाधीन परियोजना को अनुमानित लागत में माल, भूमि और श्रमिक दरों में वृद्धि हो जाने के कारण बढ़ गई है; और

(ख) यदि हां, तो अनुमानित लागत में कितनी वृद्धि हुई है और इस बढ़ी हुई लागत की तुलना में केन्द्रीय सहायता में कितनी वृद्धि हुई है?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) जी, हां

(ख) केरल में सात बृहत् संतत् सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृति के समय मूल अनुमानित लागत तथा इस समय को अनुमानित लागत नीचे दी जाती है :—

(लाख रुपयों में)

क्रम सं०	परियोजना का नाम	स्वीकृति के समय मूल अनुमानित लागत	वर्तमान अनुमानित लागत
1.	पैरियार पाटो	348.00	1650.00
2.	कल्लाड़ा . . .	1328.00	4500.00
3.	पम्बा .	383.13	1890.00
4.	कुटियाड़ी .	496.04	1520.00
5.	चित्तुरपुडा .	106.00	624.00
6.	कनहिरापुका . .	365.10	926.15
7.	पज्यासी	442.40	1462.00

सिंचाई एक राज्य विषय है और सिंचाई परियोजनाओं को क्रियान्विति के लिए धन की व्यवस्था राज्य सरकारों द्वारा अपनी सम्पूर्ण विकासात्मक योजनाओं में से की जाती है। राज्य योजनाओं को केन्द्रीय सहायता ब्लाक ऋणों तथा अनुदानों के रूप में दी जाती है और यह किसी विशेष विकास सैक्टर अथवा परियोजना से संबंद्ध नहीं होती है।

केरल में विद्युत क्षमता के लिए खोज

3692. **श्री के० पी० उन्नीकृष्णन**
श्री वयालार रवि } : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि केरल में सस्ती जल विद्युत् शक्ति की उपलब्धता से दक्षिणी राज्यों में बिजली के संकट को कम करने में बड़ी सहायता मिली है और उस राज्य में जल विद्युत् क्षमता के और आगे विकास की काफी संभावनाएं हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने बिजली के किसी भावी संकट का सामना करने के लिए इस विद्युत् क्षमता का उपयोग करने हेतु क्या विशेष उपाय किये हैं अथवा करने का विचार है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त): (क) और (ख) . जी, हां। केन्द्रीय जल और विद्युत् आयोग द्वारा किए गए जलवैज्ञानिक विद्युत् सर्वेक्षण के अनुसार केरल राज्य को जल विद्युत् शक्यता 925 मेगावाट संतत है जो कि 8100 मिलियन यूनिट प्रतिशत ऊर्जा उत्पादन के समकक्ष है। इस शक्यता में से लगभग 300 मेगावाट संतत 621.5 मेगावाट को प्रतिष्ठापित क्षमता वाले विद्युत् केन्द्रों में विकसित की जा चुकी है। 975 मेगावाट को प्रतिष्ठापित क्षमता की और परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं जोकि 320 मेगावाट को संतत शक्यता का उपयोग करेगी। 475 मेगावाट की प्रतिष्ठापित क्षमता की स्कीमों के अन्वेषण हो गए हैं तथा परियोजना रिपोर्टों की जांच की जा रही है जिसमें 216 मेगावाट शक्यता का समुपयोजन होगा।

राज्य में जल विद्युत् शक्यता के समुपयोजना में तेजी लाने की नीति है ताकि संसाधनों की उपलभ्यता के अन्दर-अन्दर बढ़ती हुई विद्युत्-मार्गों को पूरा किया जा सके।

विभिन्न राज्यों को मिट्टी के तेल की सप्लाई

3693. **श्री समर गुह** : क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत छः महीनों में विभिन्न राज्यों को सप्लाई किये गये मिट्टी के तेल का आंकड़े वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) विभिन्न राज्यों में मिट्टी के तेल की कमी को पूरा करने के लिये क्या कार्यवाही की गई अथवा करने का विचार है ;

(ग) क्या पश्चिम बंगाल में मिट्टी के तेल की अत्यधिक कमी है; और

(घ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या हैं और इस संकट को दूर करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) अपेक्षित सूचना संलग्न है। [**ग्रन्थालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी० 6476/74**]

(ख) से (घ). जल्दी पूरे किये जाने वाली आवश्यकताओं को पूरा करने के सम्बन्ध में डीजल की मांग में अत्यधिक वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए कम से कम जून, 1974 तक यथा सम्भव उच्चतम सीमा तक मिट्टी के तेल के उपयोग में मितव्ययता करना आवश्यक है। डीजल तेल का उच्चतम सीमा तक उत्पादन बढ़ाने के सम्बन्ध में समस्त राज्यों को जनवरी में 15 प्रतिशत, फरवरी में 20 प्रतिशत तथा मार्च, 1974 में 15 प्रतिशत तक कम किया गया। इस प्रकार की कटौतियां जून, 1974 तक आवश्यक होंगी। पश्चिम बंगाल सहित समस्त राज्यों को सलाह दी गई है कि वे उपलब्ध सप्लाई के समान वितरण को सुनिश्चित करें तथा उत्पाद की जमाखोरी और चोरबाजारी को रोकने हेतु कदम उठायें।

वर्ष 1972-73 के दौरान ग्रामीण विद्युतिकरण निगम द्वारा-स्वीकृत योजनाएं

3694. **श्री प्रबोध चन्द्र**
श्री राम भगत पासवान } : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ग्रामीण विद्युतीकरण निगम ने वर्ष 1972-73 के दौरान 227 योजनाओं को मंजूरी दी ; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी मुख्य बातें क्या हैं ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) और (ख). ग्राम विद्युत्करण निगम ने 1972-73 के वर्ष के दौरान विभिन्न राज्य बिजली बोर्डों की 200 स्कीमें स्वीकृत की हैं। इसके अतिरिक्त, पहले से विद्युतीकरण ग्रामों के समीपवर्ती हरिजन बस्तियों में विद्युत् के विस्तार के लिए भी 27 स्कीमें स्वीकृत की हैं। ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी०-6477/74**]

तापीय बिजली घरों द्वारा बिजली की सप्लाई

3695. **श्री प्रबोध चन्द्र**
श्री यमुना प्रसाद मण्डल } : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में तापीय बिजली घरों द्वारा बिजली की सप्लाई में 50 प्रतिशत की वद्धि हुई है; और

(ख) यदि हां, तो बिजली की सप्लाई में वृद्धि के बावजूद बिजली की कमी होने के क्या कारण हैं ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) और (ख). 1973 के दौरान देश में ताप विद्युत् केन्द्रों से कुल ऊर्जा उत्पादन पर्याप्त सीमा तक उतना ही था जितना कि 1972 में । विद्युत् की मांग में वृद्धि के कारण विद्युत् की कमी बनी हुई है।

कोचीन और बरौनी तेल शोधक कारखानों के लिए ईराक से अशोधित तेल की सप्लाई स्थगित होना

3696. **श्री प्रबोध चन्द्र**
श्री यमुना प्रसाद मंडल } : क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोचीन, बरौनी, एस्सों तथा बर्मा सैल तेल शोधक कारखानों को सरकारी खाते में ईराक से होने वाली अशोधित तेल की सप्लाई स्थगित कर दी गई है; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

वर्ष 1971-72, 1972-73 और 1973-74 में हड़ताल करने वाले रेलवे कर्मचारियों के वर्ग

3697. **श्री शंकरराव सावंत** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1971-72, 1972-73 और 1973-74 में फरवरी के अन्त तक रेलवे कर्मचारियों के किन-किन वर्गों ने हड़ताल की थी;

(ख) प्रत्येक हड़ताल में कितने कर्मचारी शामिल हुए थे ;

(ग) इन हड़तालों में प्रत्येक हड़ताल के कारण रेलवे को कितना हानि उठानी पड़ी; और

(घ) भविष्य में इन हड़तालों को रोकने के लिए क्या कार्यवाही की गई है अथवा करने का विचार है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) से (घ). रेलों पेर विभिन्न कारणों से उत्पन्न होने वाले आन्दोलनों की घटनाएं होती रहती है जिनसे कम या अधिक समय के लिए काम रुक जाता है। आमतौर पर 1971-72, 1972-73 और 1973-74 में बड़ी हड़तालों के बारे में यह कहा जा सकता है कि उनमें शामिल कर्मचारियों में इंजन शैडों (अनुरक्षण) के कर्मचारी, इंजन कर्मचारी (भाप, डीजल या बिजली) सवारी और मालडिब्बा विभाग के कर्मचारी और पिछले दिनों कुछ स्टेशनमास्टर/सहायक स्टेशन मास्टर, यार्ड कर्मचारी गार्ड और कुछ गैंगमैन भी थे।

काम रुक जाने की अधिकांश घटनाएं अल्प कालिक होती हैं और कुछ छोटी घटनाओं के परिणामस्वरूप हो जाती है। ऐसे मामलों में कर्मचारियों को ड्यूटी शुरू करने की अनुमति दे दी जाती है। किन्तु, बड़ी हड़तालों के मामले में जिसमें लम्बी अवधि तक काम रुका रहता है और उनमें शामिल व्यक्तियों की संख्या 100 से लेकर लगभग 22,000 तक थी जैसा कि अगस्त, 1973 में लोको कर्मचारियों की हड़ताल में हुआ था। ऐसी बड़ी हड़तालों के कारण जितने जिन दिनों की हानि हुई थी उसकी गणना पिछले कुछ वर्षों में इस प्रकार की गयी थी :—

1971-72	लगभग	1.24 लाख
1972-73	,,	1.12 लाख
1973-74 . .	अब तक	4.5 लाख

हड़तालों और आन्दोलनों के कारण रेलों को 1971 में 1.4 करोड़ रुपये और 1972 में 1.9 करोड़ रुपये की हानि हुई। 1973 में हड़तालों/आन्दोलनों और खासतौर से लोको रनिंग कर्मचारियों की हड़ताल के कारण कुल मिलाकर लगभग 21 करोड़ रुपये की हानि हुई।

इसमें कोई सन्देह नहीं है कि भारतीय रेलों पर श्रमिक संबंध एक ऐसा विषय है जिस पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता है और इस सन्दर्भ में मान्यताप्राप्त फैडरेशनों के तत्वावधान में श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ कई विशेष बैठकें बुलायी गयी जो लाभदायक सिद्ध हुई हैं। स्थायी वार्तातंत्र और संयुक्त परामर्श तंत्र का जो पिछले दो दशकों से वैधानिक ढंग से काम करते रहे हैं, पहले की अपेक्षा अधिक लाभप्रद उपयोग किया जाना चाहिए। केवल इतना ही नहीं, 4 फरवरी 1974 को एक सम्मेलन का आयोजन किया गया था और इसमें श्रमिक समस्याओं में रूचि रखने वाले कुछ संसद सदस्यों, केन्द्रीय श्रमिक संघों के नेताओं और मान्यताप्राप्त दो फैडरेशनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। एक उद्योग में एक यूनियन की नीति सिद्धान्त रूप में मान ली गयी है।

देश में तेल का उत्पादन

3698. श्री शंकर राव सावंत : क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि फरवरी, 1974 के अन्त तक गत तीन वर्षों के दौरान देश के अन्दर तेल का कुल कितना उत्पादन हुआ ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : वर्ष 1971, 1972, 1973, 1974, (1974 के फरवरी मास तक) के दौरान अशोधित तेल का देशीय उत्पादन निम्नलिखित रूप में हुआ।

(हजार लीटरी टनों में)

वर्ष	अशोधित तेल का उत्पादन
1971	7185
1972	7373
1973	7197
1974 (74 के फरवरी, मास तक)	1176*

*अनन्तिम (प्रेषण पर आधारित)

महाराष्ट्र की पनबिजली परियोजनाओं को मंजूरी

3699. **श्री शंकरराव सावंत :** क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कृष्णाजल विवाद न्यायधिकरण द्वारा दिये गये पंचाट के बाद महाराष्ट्र की किन-किन पनबिजली परियोजनाओं को केन्द्रीय सरकार ने मंजूरी दी है ; और

(ख) इन परियोजनाओं में से प्रत्येक की क्षमता कितनी होगी ?

सिंचाई और विद्युत मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) एसी कोई परियोजना अभी तक स्वीकृत नहीं हुई है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

आयात किये जा रहे रसायनों का देश में ही निर्माण

3700. **श्री शंकरराव सावन्त :** क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विदेशों से अब भी किन-किन रसायनों का आयात किया जा रहा है, और

(ख) उनका भारत में ही निर्माण करने के लिए क्या प्रयास किये गये हैं और उसमें कितनी सफलता मिली है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) उर्वरकों, कुछ विशिष्ट औषधों और औषधके मध्यवर्ती पदार्थों के अतिरिक्त कुछ महत्वपूर्ण रसायनों का आयात किया जा रहा है जो नीचे दिए गए हैं ।

1. सोडा राख
2. काष्टिक सोडा
3. सोडा ब्लीचिंग पाउडर
4. सोडा वाइक्कामेट्स
5. पोटाशियम कार्बाइड
6. सोडियम हाइड्रो सल्फाइट
7. कैल्शियम कार्बाइड
8. मर्करी
9. फासफोरिक एसिड
10. म्यूरिएट आफ पोटाश (प्योर)
11. पोटाशियम क्लोराइड (वाणिज्यिक)
12. सोडियम नाइट्रैट (नेचुरल)

13. सोडियम नाइट्रेट (सिन्थेटिक)
14. सोडियम नाइट्रेट
15. हाइड्रोक्लोरिक एसिड
16. अमोनियम क्लोराइड
17. सोडियम डिक्रोमेट
18. सिन्थेटिक क्रायोलाइट
19. अल्यूमिनियम फलोराइड
20. प्रशीतक गैसें
21. पोटाशियम क्लोरट
22. कैल्शियम कार्बोनेट
23. हाड्रोजन पेरोक्साइड
24. एस० टी० पी० पी० (सोडियम ट्रिपोलाय फोसफेट)
25. काप्रोलैक्टग
26. डी० एम० टी०
27. ऐनिलीन
28. मेथनोल
29. एल० डी० पोलिथिलीन
30. एच० डी० पोलिथिलीन
31. पी० वी० सी०
32. मेलिक ऐन हाइड्राइड
33. पोलिग्रोपिलीन
34. ऐथिलीन ग्लायकोल
35. ऐलक्लि डोडाक्लि बैंजीन
36. फ्थालिक ऐन्डिड्राइड
37. सेलामाइन
38. मेन्टाक्राइथ्रिटोल
39. अमोनियम नाइट्रेट
40. फोसफोरस पेटोक्साइड

इसके अतिरिक्त, विभिन्न प्रकार के कीटनाशी औषधियों का आयात भी किया जा रहा है जिसमें कृमिनाशी रबर, पतवार नाशी, प्लांट ग्रोथ रेगुलेन्टों आदि का आयात भी शामिल है।

(ख) जहां तक उर्वरकों का सम्बन्ध है, स्वदेशीय उपलब्धता आवश्यकता की अपेक्षा कम हो जाती है और जहां तक संभव होता है, इस अन्तर को कम करने के लिए आयात किया जाता है। विद्यमान एककों में देशज उत्पादन को अत्यधिक बढ़ावा देने के लिए निरन्तर

प्रयास किए जा रहे है और नए संयंत्रों को शीघ्र आरम्भ कराने के लिए भी निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं।

अन्य समस्त रसायनों के लिए भी, जिनका अब भी कमी की सीमा तक आयात किया जा रहा है और जिनका देश में निर्माण किया जा सकता है उनके लिए नए/विकसित उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लिए कदम उठाए गए/जा रहे हैं।

पूर्वोत्तर और दक्षिण पूर्व रेलवे के वैगन-निरीक्षकों और स्टेशन मास्टरों द्वारा हड़ताल

3701. श्री नरेन्द्र सिंह: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पूर्वोत्तर और दक्षिण-पूर्व रेलवे के वैगन-निरीक्षकों और स्टेशन-मास्टरों ने अभी हाल में हड़ताल की थी ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) और (ख) : पूर्वोत्तर रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे के कतिपय खण्डों के गाड़ी परीक्षकों और दक्षिण पूर्व रेलवे के कतिपय खण्डों के केवल स्टेशन मास्टरों ने बेहत्तर वेतनमान और सेवा की बेहतर शर्तों की मांग को मनवाने के उद्देश्य के नियमानुसार काम आन्दोलन शुरू कर दिया था।

नंगल में गोविन्द सागर बांध में गाद-जमना

3702. श्री मोहिन्दर सिंह गिल: क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नंगल में गोविन्द सागर बांध में आयोजकों द्वारा निर्माण के समय अनुमानित गति से अधिक गति से गाद जमा हो रही है और पंजाब तथा उत्तर प्रदेश के अन्य भागों में विद्युत् सप्लाई तथा सिंचाई सुविधाओं में गम्भीर रुकावट उत्पन्न होने की गम्भीर आशंका है; और

(ख) यदि हां, तो स्थिति का सामना करने के लिये क्या उपाय किये जा रहे हैं?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) जलाशय के प्रथम पांच वर्षों में किए गए पर्यवेक्षणों से पता चला है कि गाद भरने की गति परियोजना रिपोर्ट में प्रत्याशित दर से कुछ अधिक है। बहरहाल, परवर्ती वर्षों से संबंधित पर्यवेक्षणों से पता चलता है कि गाद भरने की दर में कमी आ गई है। इस बात को दृष्टि में रखते हुए उससे पंजाब और उत्तरी भारत के अन्य भागों के लिए सिंचाई और बिजली सुविधाओं के लिए कोई खतरा नहीं है।

(ख) हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा गाद कम करने के लिए भू-संरक्षण उपाय बाद्य क्षेत्र में शुरू किए जा चुके है।

Vending licences issued for stations in Bikaner, Jodhpur, Ferozepur, Lucknow and Allahabad divisions

3703. Shri Panna Lal Barupal : Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(*a*) the number of Railway Stations in Bikaner, Jodhpur, Ferozepur, Delhi, Lucknow and Allahabad Divisions where new vendor and rehrie licences for tea, betls, bidi, milk curd sweets, puri and roti and licences for refreshment rooms have been granted during 1973;

(*b*) the number of licences out of them given to persons belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes;

(*c*) the number of all types of licencees whose licencees have been cancelled in the said Divisions indicating the reasons therefor; and

(*d*) the number of licencees whose licences have expired and got renewed ?

The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri Mohd. Shafi Qureshi) : (*a*) 48.

(*b*) 5.

(*c*) 31. The reasons for cancellation of the contracts are as under :

(*i*) In 10 cases licences were not renewed as a result of recent policy decision that contracts will not be renewed in respect of catering/vending contractors who have completed 6 years tenure in the case of Refreshment Rooms and vending and 10 years tenure in the case of Restaurants and Restaurant cars.

(*ii*) In 5 cases licences were cancelled due to death of contractors.

(*iii*) In 4 cases licences were cancelled on account of subletting of contracts.

(*iv*) In 5 cases contracts cancelled on account of unsatisfactory service.

(*v*) One contract cancelled due to conviction of the contractor.

(*vi*) One contract cancelled due to absence of the contractor for 7 months.

(*vii*) In 2 cases the contractors resigned and in 3 cases contractors left the contracts of their own accord.

(*d*) 114.

रामपुरा, दिल्ली को रेलवे हाल्ट बनाने का प्रस्ताव

3704. श्री वीरेन्द्र सिंह राव : रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि त्रिनगर, दिल्ली के निवासियों को वाहन उपलब्ध न होने के कारण दिल्ली और नई दिल्ली स्थित अपने कार्यालयों में पहुंचने में भारी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का रामपुरा, दिल्ली में शकूरबस्ती और दया बस्ती के बीच रेलवे हाल्ट बनाने का विचार है जिससे वहां के निवासी अपने कार्य के स्थानों पर समय पर पहुंच सकें ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) से (ग) : दया बस्ती और शकूरबस्ती स्टेशनों के बीच रामपुरा में एक नया रेलवे स्टेशन खोलने के प्रस्ताव की जांच की गयी थी। स्टेशन नहीं खोला जा सका क्योंकि जिस खण्ड पर यह बनेगा उसका उपयोग चरमसीमा तक हो रहा है और इस स्थिति में एक स्टेशन का खोला जाना परिचालनिक

दृष्टि से व्यावहारिक नहीं है। इसके अलावा नीति के अनुसार नये स्टेशन तब तक नहीं खोले जाते जब तक कि नये स्टेशन से दोनों ओर के निकटतम स्टेशनों की दूरी कम से कम 5 कि० मी० न हो। इस मामले में दोनों ओर के स्टेशनों की दूरी 2 कि० मी० और 2.4 कि० मी० थी। यह भी रिपोर्ट मिली है कि इस क्षेत्र में अच्छी सड़क सेवाएं उपलब्ध हैं।

कोचीन तथा मद्रास तेल शोधक कारखानों द्वारा ऊंची दरों पर अशोधित तेल की वसूली

3705. **श्री वीरेन्द्र सिंह राव:** क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि कोचीन तथा मद्रास तेल शोधक कारखानों में मध्य पूर्व के स्वतंत्र खरीदारों द्ववारा दिये गये मूल्यों में ऊंची दरों पर अशोधित तेल लिया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं, और

(ग) क्या इन तेल शोधक कारखानों को उचित मूल्य पर अशोधित तेल की सप्लाई करने के लिए सरकार ने कोई कार्यवाही की है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) और (ख): कोचीन और मद्रास में शोधनशालाए अपने प्रदायकों के साथ किए गए समझौतों के अनुसार निर्धारित मुल्यों पर कच्चे तेल का आयात कर रही है।

(ग) अन्य बातों के साथ साथ इन शोधनशालाएं को उचित मूल्यों पर कच्चे तेल की सप्लाई दिलाने को ध्यान में रखकर तेल उत्पादक देशों के साथ विपक्षीय संपर्क स्थापित किए जा रहे हैं।

हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 में संशोधन

3706. **श्री वीरेन्द्र सिंह राव:** क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या न्यायिक-पृथक्करण की अवधि घटाने के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 में संशोधन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं; और

(ग) इस संबंध में विधेयक के कब तक प्रस्तुत किये जाने की संभावना है?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नीतिराज सिंह चौधुरी) : (क) और (ख) : हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 13 (1क) के अधीन, कोई पक्ष और न्यायिक पृथक्करण की डिक्री के पश्चात् विवाह-विच्छेद के लिए आवेदन कर सकता है, यदि पुनर्मिलाप बिना दो वर्ष की न्यूनतम अवधि बीत गई हो । दो वर्ष की उक्त अवधि में कमी करने के लिए सरकार को अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और उन पर सक्रिय विचार किया जा रहा है ।

(ग) इन पर और हिन्दू विवाह अधिनियम में संशोधन के लिए अन्य अभ्यावेदनों पर साथ-साथ विचार किया जा रहा है और इस संबंध में विनिश्चय किए जाने से पूर्व कुछ और समय लगेगा ।

नेपाल को डीजल की सप्लाई

3707. **श्री राम कंवर :** क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत सरकार नेपाल को कुल कितने डीजल तेल का निर्यात करती रही है;

(ख) क्या तेल संकट के कारण नेपाल को डीजल तेल के निर्यात में कटौती किये जाने का प्रस्ताव है; और

(ग) तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या हैं ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) (क) नेपाल को निर्यात किए गए डीजल तेल की मात्रा निम्नलिखित है:—

वर्ष	मात्रा (मीटरी टन)
1970	20,039
1971 . .	22,705
1972 . .	23,195
1973 (जनवरी से जून)	14,979

(ख) और (ग) देश की आवश्यकताओं की तुलना में नेपाल को निर्यात महत्वपूर्ण नहीं है । वे निर्यात ऐतिहातिक और परम्परागत कारणों से किए जाते हैं । अत: पूर्ति के वर्तमान स्तर को बनाए रखने और उनकी बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने में नेपाल को यथा सम्भव सहायता देने का प्रस्ताव है ।

Attempt made to Dynamite Railway Bridge on 15th December, 1973

3709. **Shri Bibhuti Mishra :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(*a*) Whether an attempt was made to dynamite Railway bridge No. 12 between Lotaphar and Chakradharpur Stations on Howrah-Bombay main line on the 15th December, 1973;

(b) if so, the loss suffered by Railways ; and

(*c*) the steps taken by Government to protect vital installations from anti-social elements ?

The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri Mohd. Shafi Qureshi) : (*a*) On 15-12-73 at about 00·10 hours an explosion took place at Bridge No. 256 between outer and home signals of Lotapahar Railway Station on the Howrah-Nagpur main line of South Eastern Railway.

(*b*) Negligible.

(*c*) Vital installations/vulnerable points have been placed in various categories according to their vulnerability and importance. Those considered important are guarded both during normal times and during emergencies. The rest are guarded only during emergencies. The responsibility of protecting Railway track and Bridges has been placed on the Police Force of the concerned States.

Cancellation of Trains in Samastipur Division (U.P.)

3710. Shri Bibhuti Mishra : Will the Minister of **Railways** be pleased to state :—

(*a*) whether many trains had to be cancelled due to shortage of coal in the Samastipur Division of Railways in Uttar Bihar uptil the 23rd **February, 1974;**

(*b*) if so, the factors responsible for shortage of coal; and

(*c*) the scheme being formulated to ensure regular coal supply in future ?

The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri Mohd. Shafi Qureshi) : (*a*) On an average 22 pairs of passenger trains remained suspended daily during the period 1-1-74 to 23-2-74 due to shortage of coal.

(*b*) From November 1973 ownwards there has been a spate of staff agitations on the Railways including of the Loco Maintenance Staff followed by the Locomen Strike, in December, 1973, and Carriage and Wagon staff agitation in February which seriously affected coal loading. In the immediate past there was a guards, agitation which particularly affected coal loading in the Bengal and Bihar and Central India Coalfields.

(*c*) Given normal conditions of working it will be possible to ensure regular supplied and build up coal stocks.

कोचीन तेल शोधक कारखाने के लिए रुस्तम क्रूड का उपयोग

3711. श्री सी० के० चन्द्रप्पन
श्री सी० जनार्दनन } : क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने रुस्तम क्रूड का कोचीन तेल शोधक कारखाने के लिए उपयोग किये जाने का निर्णय कर लिया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी कारण तथा अन्य मुख्य बातें क्या हैं ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) और (ख) :— अशोधित तेल की कठिन सप्लाई स्थिति को दृष्टिगत करते हुए इस देश में तेल शोधक के लिए रुस्तम अशोधित तेल में भारतीय शेयर को उपयोग करने का निश्चय किया गया है। 1974 में अशोधित तेल में भारतीय शेयर लगभग 0.52 मिलियन मीटरी टन है। इस परिष्करणशाला की क्षमता के पूर्ण उपयोग को सुनिश्चित करने की दृष्टि से अन्य अशोधित तेलों के अतिरिक्त रुस्तम अशोधित तेल का शोधन किया जा रहा है।

भारतीय तेल निगम के कोयाली तेल शोधक कारखाने में बेंजीनटांल्युईन का उत्पादन बढ़ाना

3712. श्री अरविन्द एम० पटेला
श्री डी० पी० जदेजा } : क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय तेल निगम के टालवीन कोयाली तेल शोधक कारखाने में बैंजीनटांल्युईन के अधिकतम उत्पादन को प्राथमिकता दी जा रही है,

(ख) यदि हां, तो इसकी मुख्य बातें क्या हैं, और

(ग) क्या इसके उत्पादन से तेल शोधक कारखाने की हानि पूरी होगी ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज़ खां) : (क) जी, हां।

(ख) कोयाली परिष्करणशाला में अब बैंजीन की प्रतिवर्ष 33000 मीटरी टन की अधिकल्पित क्षमता के स्थान पर अब 45000 मीटरी टन का तथा टोल्यून की प्रतिवर्ष 14,000 मीटरी टन की अभिकल्पित क्षमता के विरुद्ध अब 17,000 मीटरी टन का उत्पादन हो सकता है।

(ग) परिष्करणशाला पहले से ही लाभ अर्जित कर रही है। बैंजीन उत्पादन की वृद्धि से परिष्करण-शाला के लाभ में और अधिक सुधार होने की आशा की जाती है।

चौथी और पांचवीं पंचवषीय योजना में तेल शोधन क्षमता के लक्ष्य

3713. **श्री एस० एन० सिंह देव** : क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने पांचवीं पंचवर्षीय योजना में तेल शोधक क्षमता का क्या लक्ष्य निर्धारित किया है;

(ख) चौथी पंचवर्षीय योजना में सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या लक्ष्य प्राप्त किया, और

(ग) क्या सरकार का पैराफिन वैक्स, स्नेहकों और अन्य उत्पादों के निर्माण के लिए अतिरिक्त क्षमता पैदा करने का विचार है जिससे देश इन उत्पादों के मामले में आत्मनिर्भर हो सके?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज़ खां) : (क) अशोधित तेल के तेजी से बढ़ने वाले मूल्यों तथा अशोधित तेल के मूल्य में वृद्धि से विदेशी मुद्रा पर जो प्रभाव पड़ेगा उसको ध्यान में रखते हुए पांचवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्राप्त की जाने वाली अनुकूलतम परिष्करण क्षमता अभी भी विचाराधीन है।

(ख) चौथी योजना के अन्त तक 25.25 मिलियन मीटरी टन की आयोजित क्षमता की तुलना में योजना अवधि के अन्त तक सम्भाव्य क्षमता की उपलब्धता 24.05 विलियन मीटरी टन है। इसमें गैर सरकारी परिष्करणशालाओं से उपलब्ध फालतू क्षमता भी सम्मिलित है।

(ग) जी हां।

तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग का पुनर्गठन

3714. **श्री सतपाल कपूर** : क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग के पुनर्गठन के बारे में इस बीच अंतिम निर्णय कर लिया गया है, और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या हैं ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज़ खां): (क) और (ख) मामले की जांच की जा रही है और निकट भविष्य में अंतिम निर्णय लिए जाने की सम्भावना है। तब तक इसका ब्यौरा देना जनहित में ठीक नहीं है।

मोदपुर और सिन्हान (पश्चिम रेलवे) के बीच माल डिब्बों का पटरी के उतर जाना

3715. **श्री राम प्रकाश** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिनांक 22 फरवरी, 1974 को पश्चिम रेलवे पर मोदपुर और सिन्हान के बीच कुछ माल डिब्बे पटरी से उतर गये; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण थे?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरेशी) : (क) जी हां।

(ख) जांच समिति के निष्कर्ष के अनुसार माल डिब्बों के पटरी से उतरने का कारण यांत्रिक उपस्कर की खराबी था।

कालटेक्स द्वारा अशोधित तेल के मूल्य में वृद्धि की मांग

3716. **कुमारी कमला कुमारी** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कालटेक्स ने अशोधित तेल के मूल्य में और वृद्धि करने की मांग की है, और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज़ खां) (क) और (ख) : कालटेक्स ने उनके द्वारा आयातित लिये गये लाइट इरानियन अशोधित तेल के मूल्य में जनवरी 1974 से वृद्धि करने को कहा है जिसका वह प्रतिबैरल 8.48 डालर से 8.97 डालर प्रति बैरल मूल्य पर आयात कर रहे थे। 16-2-1974 से कालटेक्स ने लाइट अरोवियन अशोधित तेल का आयात करना आरम्भ कर दिया। अस्थायी रूप में कालटेक्स द्वारा मांगा गया लाइट अरोवियन अशोधित तेल का मूल्य प्रति बैरल 8.35 डालर है जब कि 1-1-1974 से एस्सो द्वारा उसी प्रकार के अशोधित तेल के प्रतिबैरल का अस्थायी मूल्य 8.32 अमरीकी डालर मांगा गया था इन वृद्धियों का स्पष्ट कारणों की जानकारी कालटेक्स द्वारा अभी तक नहीं आरम्भ की गई है और उनका पता लगाया जा रहा है।

बरवाडीह और चिरमिरी रेलवे लाइन का निर्माण

3717. **कुमारी कमला कुमारी** : क्या **रेल** मंत्री यह बाताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बरवाडीह और चिरमिरी रेलवे लाइन पर निर्माण कार्य पुनः आरम्भ हो गया है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा यह कब तक आरम्भ हो जाएगा ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मोहम्मद शफ़ी कुरेशी) : (क) जी नहीं ।

(ख) बरवाडीह और चिरमिरी के बीच एक रेलवे लाइन के निर्माण का काम 1947 में शुरु किया गया था, लेकिन बाद में अद्योपाय की कठिन स्थिति के कारण तथा यह पता चलने के कारण कि इस लाइन पर प्रत्याशित यातायात नहीं मिल पायेगा, काम रोक दिया गया । फिर भी, इस क्षेत्र में कोयला-खानों के विकास के साथ-साथ, इस लाइन के निर्माण के बारे में पुनर्विचार किया जायेगा ।

डाल्टनगंज और दिल्ली के बीच देहरी अथवा चौपान से होकर सीधी गाड़ी

3718. **कुमारी कमला कुमारी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का देहरी अथवा चोपान से होकर डाल्टनगंज और दिल्ली के बीच सीधी रेल गाड़ी चलाने का विचार है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरेशी) : (क) और (ख): रास्ते में लाइन क्षमता सीमित होने और दिल्ली/नयी दिल्ली में पर्याप्त टर्मिनल सुविधायों के अभाव में इस समय डेहरी-ओन-सोन अथवा चौपन के रास्ते डाल्टनगंज और दिल्ली के बीच एक सीधी गाड़ी चलानी परिचालन की दृष्टि से व्यावहारिक नहीं है ।

कानपुर रेलवे स्टेशन पर मेल और एक्सप्रेस गाड़ियों के डिब्बों की स्थिति के बारे में प्राप्त शिकायतें

3719. **कुमारी कमला कुमारी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) फरवरी, 1974 के दौरान मेल और एक्सप्रेस गाड़ियों के डिब्बों की स्थिति के बारे में विशेषकर हावड़ा-दिल्ली मेल (हावड़ा मेल 11 अप) के संदर्भ में, कानपुर रेलवे स्टेशन पर कितनी शिकायतें प्राप्त हुई ;

(ख) क्या उक्त शिकायतों के प्राप्त होने पर कोई कार्यवाही की गई थी; और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी): (क) से (ग) सूचना संकलित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

उप-नगरीय 'सीजन टिकटों,' के कारण रेलवे को हानि

3720. **श्री आर० एन० बर्मन** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में उप-नगरीय 'सीजन टिकटों' के कारण रेलवे को अब तक कुल कितनी हानि हुई; और

(ख) उक्त हानि को पूरा करने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरेशी) : (क) उपनगरीय सीजन टिकटों से 1970-71 में 13.31 करोड़ रुपये, 1971-72 में 13.94 करोड़ रुपये और 1972-73 में 15.99 करोड़ रुपये की आमदनी हुई । चूंकि इस यातायात पर होने वाले व्यय का अलग रिकार्ड नहीं रखा जाता, इसलिए हानि के आंकड़े नहीं बताये जा सकते । फिर भी उपनगरीय सेवाओं से कुल मिलाकर 1970-71 और 1971-72 में लगभग 12 करोड़ रुपये प्रति वर्ष और 1972-73 में लगभग 13 करोड़ रुपये की हानि हुई ।

(ख) 1-4-1974 से उपनगरीय और अनुपनगरीय यात्रा के यात्री किरायों को बढ़ाने का प्रस्ताव है लेकिन सीजन टिकटों के किराये में वृद्धि नहीं की जायेगी ।

कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण के पंचाट पर राज्यों से प्राप्त टिप्पणी

3721. **श्री पी० वेंकटासुब्बया** : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण के पंचाट पर सम्बद्ध राज्यों में से कोई टिप्पणी प्राप्त हुई है; और

(ख) यदि हां, तो क्या ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) और (ख) कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण ने 24 दिसम्बर, 1973 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें उन्हें अभिज्ञात तथ्य तथा उन पर उनके निर्णय दिए हुए हैं । अंतर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम, 1956 के उपबंधों के अनुसार, यदि किसी राज्य सरकार का यह मत हो कि निर्णय में निहित किसी भी बात की व्याख्या करने की आवश्यकता है अथवा किसी ऐसे मद्द पर मार्गदर्शन की आवश्यकता है जिससे मूलतः न्यायाधिकरण को नहीं सौंपा गया था, ऐसी स्थिति में निर्णय तीन महीने के अन्दर वह मामला पुनः न्यायाधिकरण को विचार के लिए भेजा जा सकता है । ऐसा मामला प्राप्त होने पर, न्यायाधिकरण जैसा उचित समझे वैसा स्पष्टीकरण अथवा मार्गदर्शन देते हुए और रिपोर्ट दे सकता है और ऐसे मामले में न्यायाधिकरण का निर्णय तदनुसार संशोधित माना जाए ।

भारत सरकार को किसी भी राज्य से अब तक ऐसा कोई मामला प्राप्त नहीं हुआ है ।

गोदावरी जल विवाद के बारे में कृष्णा जल न्यायाधिकरण

3722. **श्री पी० वेंकटासुब्बया** : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कृष्ण जल विवाद के मामले में जांच करने वाला न्यायाधिकरण ही गोदावरी जल वितरण के प्रश्न के बारे में भी जांच कर रहा है ;

(ख) क्या सरकार ने सेवा निवृत्त हुए अथवा सेवा निवृत्त होने वाले न्यायाधीशों के स्थान पर वर्तमान न्यायाधीशों का न्यायाधिकरण गठित करने तथा उनके पंचाट प्रस्तुत करने तक कार्य करते रहने की वांछनीयता पर विचार किया है; और

(ग) क्या अन्तर्राज्य जल विवाद अधिनियम में इस उद्देश्य से समुचित संशोधन किये जायेंगे ?

सिंचाई और विद्युत मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पंत) : (क) जी, नहीं। कृष्णा विवाद और गोदावरी विवाद के लिए अलग-अलग न्यायाधिकारण हैं। इन दोनों न्यायाधिकरणों को अप्रैल, 1969 में स्थापित किया गया था परन्तु चूंकि ये जल-विवाद आपस में जुड़े हुए थे और इन विवादों में कुछ पक्ष सांझे थे, इसलिए दोनों न्यायाधिकरणों की सदस्यता भी वही रखी गई थी।

कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण अपना निर्णय दे चुका है। गोदावरी जल-विवाद न्यायाधिकरण के सम्मुख राज्यों के सभी पक्षों की सुनवाई पूर्ण हो गई है और गवाहों में बहुत से कागजात दाखिल कर दिए गए हैं; न्याय-निर्णय संबंधी कार्यवाही प्रगति पर है।

(ख) और (ग) अंतर्राष्ट्रीय जल-विवाद अधिनियम, 1956, जिसे 1968 में संसद् द्वारा संशोधित किया गया था, के उपबंधों के अनुसार, कृष्णा और गोदावरी जल-विवाद न्यायाधिकरणों के अध्यक्ष एवं अन्य दो सदस्यों को भारत के मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा उन व्यक्तियों में से मनोनीत किया गया था जो मनोनीत करते समय सर्वोच्च न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय के जज थे। न्यायाधिकरणों को सदस्यता के लिए वर्तमान उपबंधों में कोई परिवर्तन नहीं किया जा रहा है।

रावी और व्यास नदियों के जल के बंटवारे के बारे में समाधान

3723. **श्री रघुनन्दन लाल भाटिया** : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने दिसम्बर, 1973 में अन्तर्राज्य जल विवादों के समाधान के लिये कोई कार्यवाही की थी; और

(ख) यदि हां, तो क्या रावी और व्यास नदियों के जल का उपयोग करने के बारे में कोई समुचित समाधान निकाला गाया है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) (क) और (ख) : पंजाब और हरियाणा के बीच रावी-व्यास के जल के बटवारे के प्रश्न को हल करने के लिए प्रयत्न किए गए हैं : बहरहाल, इस मामले पर आगे विचार-विमर्श किया जाना है।

हिंगिर रेलवे स्टशन (दक्षिण पूर्व रेलवे) पर रेलवे सुरक्षा दल द्वारा चलाई गई गोली से हताहत हुए व्यक्तियों के परिवारों को मुआवजा देने संबंधी समझौते को क्रियान्वित न करना

3724. **श्री एम० कतामुतु** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि हिंगिर रेलवे स्टेशन (दक्षिण पूर्व रेलवे) पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 26 फरवरी, 1973 को चलाई गई गोली से हताहत हुए व्यक्तियों के परिवारों को मुआवजा देने संबंधी समझौते को अभी तक क्रियान्वित नहीं किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस बारे में क्या कार्यवाही की जा रही है?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरेशी) : (क) से (ग) दक्षिण पूर्व रेलवे प्रशासन और संबंधित यूनियन नेताओं के बीच इस विषय पर हुए विचार-विमर्श की कार्रवाई के फलस्वरूप उन लोगों को रेल मंत्री कल्याण एवं राहत निधि सेन निम्नलिखित ब्यौरे के अनुसार वित्तीय सहायता स्वीकृत की गयी है जो 26-2-1973 को हिंगिर रेलवे स्टेशन पर हुई गोलीकांड में मारे गये थे/घायल हुए थे।

दो कर्मचारियों को जो मारे गये थे	प्रत्येक को 2,500 रुपये
एक कर्मचारी को जिसके सिर में गंभीर चोट आयी थी	1,500 रुपये
एक कर्मचारी को जिसकी बायीं बांह कट गयी थी	500 रुपयें
पांच कर्मचारियों को जिनको मामूली चोटें आयी थीं	प्रत्येक को 300 रुपये

इन मामलों में कामगार क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के अंतर्गत कोई क्षतिपूर्ति स्वीकार्य नहीं है। क्या संबन्धित कर्मचारियों को कोई अन्य क्षतिपूर्ति दी जा सकती है, इस प्रश्न पर विचार किया जा रहा है।

वाराणसी स्थित उत्तर रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों को आवास तथा मकान किराया सहायता दिया जाना

3725. **श्री एम० कतामुतु** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वाराणसी स्थित उत्तर रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिये अब तक न तो आवास की सुविधा प्रदान की गई है और न ही उन्हें मकान किराया भत्ता दिया जाता है; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरेशी) : (क) आवास-स्थान की उपलब्धता को देखते हुए जहां तक सम्भव है, अनेक अधिकारियों और कर्मचारियों को आवास स्थान दिया गया है। जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को क्वार्टर नहीं दिये गये हैं, उन्हें स्वीकार्य मकान किराया भत्ता दिया जाता है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

"टूथ पेस्ट एण्ड टेलकम पाउडर कालगेट कैरीज लूट" शीर्षक से समाचार

3726. **श्री शशि भूषण** : क्या विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री "मिलियन्स इन टूथ पेस्ट एण्ड टेलकम पाउडर कालगेट कैरीज लूट" शीर्षक से समाचार के बारे में 20 नवम्बर, 1973 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1248 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस मामले की इस बीच जांच कर ली गई है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या परिणाम निकले; और

(ग) यदि नहीं, तो इस मामले में जांच करने तथा इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने में आगे कितना समय लगने की सम्भावना है?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य उप-मंत्री (श्री वेदव्रत बरुआ) : (क) से (ग) मामले का विधि कार्य विभाग के परामर्श से परीक्षण किया गया है और आगे कार्यवाही विचाराधीन है ।

बड़ौदा के फ्रेंच वैल वाटर पम्पिंग सिस्टम के टूट जाने की जांच करने वाली समिति का प्रतिवेदन

3727. **श्री शशि भूषण** : क्या **सिंचाई और विद्युत्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महीसागर नदी पर बड़ौदा के फ्रेंच वैल वाटर पम्पिग सिस्टम के सितम्बर, 1973 में दो करोड़ रुपये के इस्पात और सीमेंट कंकरीट के गर्डर के टूटने के बारे में जांच करने के लिये बनाई गई समिति का प्रतिवेदन सरकार को प्राप्त हो गया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी मुख्य बातें क्या हैं?

सिंचाई और विद्युत्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) (क) और (ख) : गुजरात सरकार से अभी तक ऐसी कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है ।

विदेशी औषध फर्मों से लाभ संबंधी विवरणों का प्राप्त होना

3728. **श्री शशि भूषण** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री विदेशी औषध फर्मों से लाभ सम्बन्धी विवरणों के प्राप्त होने के बारे में 20 नवम्बर, 1973 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1204 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लाभ सम्बन्धी विवरण इस बीच प्राप्त हो गये हैं, और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या हैं?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज़ खां) : (क) और (ख) 25% से अधिक विदेशी इक्विटी शेयर वाली 23 फर्मों से प्राप्त सूचना का विवरण पत्र संलग्न है ।

विवरण पत्र में यह देखा गया है कि (प्रपुंज और सूत्रयोगों के सम्बन्ध में मैसर्स रोशे प्रोडक्ट्स लि० को छोड़ कर) कुल बिक्री पर लाभ की प्रतिशतता निर्धारित सीमा के अन्दर थी ।

वर्ष 1972/1972-73 में विदेशी कंपनियों की कुल बिक्री का लाभ दिखाने वाला विवरण ।

क्रम संख्या	कम्पनी का नाम	विदेशी इक्विटी शेयर की प्रतिशतता	बिक्री के लाभ की कुल प्रतिशतता	
			प्रपुंज और सूत्रयोग	केवल सूत्रयोग
1.	मर्क शार्प दोहमे इण्डिया लि०	60	11.00	8.00
2.	जर्मन रेमेडीस लि०	64.19	हानि	11.08
3.	रूसल फार्मास्युटिकल (I) लि०	66-2/3	8.52	8.52
4.	सैण्डोज इण्डिया लि०	60	8.97	9.05
5.	रोशे प्रोडक्टस लि०	89	16.64	13.39
6.	स्मिथ एण्ड नेफ्यू (इण्डिया) लि०	59.6	हानि	हानि
7.	बोइईगर नाल लि०	60.6	0.21	0.46
8.	ऐग्लो फ्रैंच ड्रग कं० लि०	80	11.70	11.70
9.	जी० डब्ल्यू० कार्मिक कं० (इण्डिया) लि०	100	हानि	हानि
10.	ईथनोर लि०	75	शून्य	12.70
11.	जान्सन एण्ड जॉसन लि०	75	शून्य	1.80
12.	वेयर इण्डिया लि०	57.45	12.21	8.30
13.	ब्यूरोग्स वैल्कम एण्ड कंपनी लि०	100	5.34	5.65
14.	इण्डियम शोरिंग लि०	88.7	14.01	12.60
15.	सी० ई० फुलफोर्ड (इण्डिया) लि०	100	—	हानि
16.	निकोलस (इण्डिया) लि०	100	शून्य	13.60
17.	सीबा (इण्डिया) लि०	65	10.71	7.60
18.	गलेक्सो लैबोरेटरीज लि०	75	10.36	5.47
19.	जिआफरी मैनर्स एण्ड कं० लि०	45	14.17	10.75
20.	यू० एन० आई०—यूसीवी (प्रा०) लि०	40	9.50	9.00
21.	सुहृद गेगी लि०	47.5	10.07	7.43
22.	वार्नर हिन्दुस्तान लि०	50	—	14.60
23.	रेलिस इण्डिया लि०	26.29	—	4.50

आन्दोलनों के कारण जनवरी, 1971 से अब तक रेल विभाग को हानि

3729. **श्री डी० पी० जदेजा** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि रेल कर्मचारियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों के आन्दोलनों के कारण जनवरी, 1971 के पश्चात् भारतीय रेलवे को (जोनवार) कितनी-कितनी हानि हुई?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरेशी) : सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रखा दी जायेगी ।

Setting up of Fertilizer Factories in Rajasthan

3730. **Shri M. C. Daga** : Will the Minister of **Petroleum and Chemicals** be pleased to state :

(*a*) whether the Central Government propose to set up fertilizer factories in Chittorgarh and Sikar Districts of Rajasthan; and

(*b*) whether pyrite is available in abundances at both these places ?

The Minister of State in the Ministry of Petroleum and Chemicals (Shri Shah Nawaz Khan) : (*a*) *and* (*b*) : Some studies have already been made on the feasibility of setting up a fertilizer complex in Rajasthan based on the locally available pyrites and rock phosphate in the State and further studies are underway. A decision in the matter along with the location of the project can be taken only after adequate firm data become available on the economic availability and exploitation of the aforesaid deposits.

About Pyrites deposits in the Suladipura area, a feasibility report prepared by Messrs RTZ of U.K. has been received and is being appraised.

National Irrigation Policy

3731. **Shri M. C. Daga** : Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to state :

(*a*) whether any national irrigation policy has been formulated in the country or the various States of the country formulate their own policies;

(*b*) whether small farmers are not deriving the same benefits from irrigation facilities as the big farmers; and

(*c*) whether the reason for this is the defective system of distribution of water ?

The Deputy Minister in the Ministry of Irrigation and Power (Shri Siddheshwar Prasad) : (*a*) Irrigation is a State subject and the State Governments formulate the irrigation policies taking into consideration the special conditions and other factors obtaining in their States.

(*b*) and (*c*) : The systems of water distribution prevalent do not discriminate against the small farmers.

Gambling in trains

3732. **Shri M. C. Daga** : Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(*a*) whether some people, mostly Railway employees, indulge in gambling in trains;

(*b*) whether gambling is mostly indulged into near the seats of attendants; and

(c) if so, whether Government propose to conduct an inquiry into the matter and take remedial steps ?

The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri Mohd. Shafi Qureshi) : (a) No case of gambling, in trains, has come to notice.

(b) and (c) : In view of (a) above, question does not arise.

पांचवीं योजना में बिहार में बिजली की कमी

3733. **श्री मधु लिमये**
श्री जनन्नाथ मिश्र } : क्या **सिंचाई और विद्युत्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बिहार राज्य को पांचवीं पंचवर्षीय योजना में बिजली की अत्यधिक कमी का सामना करना पड़ेगा;

(ख) क्या इस स्थिति का मुकाबला करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये के व्यय की आवश्यकता है;

(ग) योजना आयोग ने कितनी धनराशि मंजूर की और बिहार सरकार ने कितनी धनराशि का प्रस्ताव रखा; और

(घ) बिहार राज्य को पर्याप्त मात्रा में बिजली की सप्लाई करने के बारे में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है?

सिंचाई और विद्युत्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्री **सिद्धेश्वर प्रसाद**) : (क) से (घ). पांचवीं योजना अवधि के दौरान राज्य में विद्युत् की कमी की आशंका नहीं है। पांचवीं योजना के प्रारूप में 995 मैगावाट अतिरिक्त उत्पादन क्षमता को चालू करना परिकल्पित है जो कि 606 मैगावाट वर्तमान क्षमता के साथ पांचवीं योजना अवधि के दौरान बिहार राज्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगी। वर्तमान यूनिटों से अधिकतम विद्युत् उत्पादन करने के लिए तथा निर्माणाधीन नई यूनिटों को चालू करने में तेजी लाने के लिए भी उपाय किए जा रहे हैं। बिहार सरकार ने पांचवीं योजना अवधि के दौरान विद्युत् क्षेत्र के लिए 435.36 करोड़ रुपये के परिव्यय का सुझाव दिया है। पांचवीं पंचवर्षीय योजना को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है।

वर्ष 1973 में लोको कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त होने की शर्तें

3734. **श्री मधु लिमये** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1973 के अन्तिम दिनों में लोको कर्मचारियों की हड़ताल किन शर्तों पर समाप्त हुई;

(ख) क्या श्रम मंत्री ने लोको कर्मचारियों के नेताओं को गुप्त रूप से वचन दिया है कि उनकी एसोसियेशन को वस्तुत: और कानूनी मान्यता दी दे जायेगी; और

(ग) 10 घंटे के कार्यदिवस सम्बन्धी करार को क्रियान्वित करने के लिये रेलवे द्वारा तैयार की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरेशी) : (क) एक विवरण संलग्न है।

(ख) लोकों कर्मचारियों के नेताओं को श्रम-मंत्री द्वारा दिये गये ऐसे किसी गोपनीय वायदे के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है।

(ग) 29 नवम्बर, 1973 को रेल मंत्री द्वारा संसद में की गयी घोषणा के अनुसार डाक और एक्सप्रेस गाड़ियों के लिए 10 घंटे काम का कार्यान्वयन 1 दिसम्बर, 73 को प्रारम्भ हुआ था और आशा है कि जैसे ही आवश्यक व्यावहारिक सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी और कार्मिकों को प्रशिक्षित कर दिया जायेगा वैसे ही अन्य गाड़ियों पर भी तीन वर्षों के समय में यह काम उत्तरोत्तर पूरा हो जायेगा। अधिकांश डाक और एक्सप्रेस गाड़ियों तथा 50 सवारी गाड़ियों में यह व्यवस्था पहले ही लागू की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 22 खंडों पर चुनी हुई माल गाड़ियों को 10 घंटा काम के अंतर्गत लाया गया है। आशा है कि बाकी कुछ डाक/एक्सप्रेस यात्री गाड़ियां 31 मार्च, 74 तक तथा शेष सवारी गाड़ियां 30 नवम्बर, 74 तक इस योजना के अंतर्गत आ जाएंगी।

दिसम्बर, 1973 में लोको रनिंग कर्मचारियों द्वारा हड़ताल वापस लिये जाने के बाद उनकी जिन मांगों को कार्यान्वयन के लिए स्वीकार कर लिया गया, उनका सारांश इस प्रकार है :—

(1) किसी को परेशान करने अथवा दण्ड देने की कार्रवाई नहीं की जायेगी— यह स्वीकार कर लिया गया है कि केवल ट्रेड यूनियन सम्बन्धी गतिविधियों के कारण किसी को परेशान करने अथवा दण्ड देने की कार्रवाई नहीं की जायेगी।

(2) लोको रनिंग कर्मचारी शिकायत समिति (मुहम्मद शफी कुरेशी समिति) की तुरंत बैठक हो—तदनुसार एसोसिएशन की पूर्ववर्ती और वर्तमान शिकायतों पर विचार करने के लिए 28 दिसम्बर 73 को 11.00 बजे पूर्वाह्न एक बैठक का आयोजन किया गया और इसमें रेल मंत्री श्री ललित नारायण मिश्र ने भी भाग लिया।

(3) सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को छोड़ दिया जाये और वारंट और सम्बन्धित मामले वापस ले लिये जायें—हिंसा और तोड़-फोड़ के मामलों को छोड़कर बाकी सब मामलों में इसे स्वीकार कर लिया गया है।

(4) 10 घंटा ड्यूटी को कार्यान्वित किया जाये—यह स्वीकार किया गया कि 10 घंटा ड्यूटी को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया पर 28 दिसम्बर, 1973 की बैठक में रेल मंत्री और श्रम मंत्री द्वारा आगे विचार किया जायेगा। इस बैठक में यह स्वीकार किया गया कि ड्यूटी की अवधि को चरणबद्ध रूप में घटाकर 10 घंटे कर दिया जायेगा।

पहली जनवरी, 1974 से रेल किरायों में सामान्य वृद्धि

3735. **श्री मधु लिमये :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पहली जनवरी, 1974 से रेल किरायों में सामान्य वृद्धि की गई है ।

(ख) यदि हाँ, तो विभिन्न श्रेणी के यात्रियों का कितना-कितना किराया बढ़ा;

(ग) क्या महानगरीय क्षेत्रों के 'सीजन टिकट' बनवाने वालों को इस बृद्धि से छूट दी गई है; दी जाएगी; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरेशी) : (क) रेल दुर्घटनाओं में ग्रस्त यात्रियों के प्रति रेलवे का दायित्व बढ़ जाने के कारण 1-1-1974 से सामान्य यात्री किराये के अलावा एक अतिरिक्त प्रभार लगाया गया है ।

(ख) प्रति यात्री अतिरिक्त प्रभार तीसरे दर्जे में 5 पैसे, दूसरे दर्जे या वातानुकूल चेयर कार में दस पैसे, पहले दर्जे में पचास पैसे और वातानुकूल दर्जे में एक रुपया है ।

(ग) जी नहीं । मासिक सीजन टिकटधारियों पर लगाया गया अतिरिक्त प्रभार दूसरे और तीसरे दर्जे के प्रति टिकट पर 25 पैसे और पहले दर्जे के टिकट पर 1 रु० 50 पैसे है ।

(घ) सीजन टिकट पर यात्रा करने वालों को भी बढ़ी हुई दर पर क्षतिपूर्ति का भुगतान करना होगा ।

पेट्रोल पम्पों के माध्यम से मिट्टी के तेल का वितरण

3736. **श्री मधु लिमये**
श्री वी०एस० मूर्ति } : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अब से मिट्टी के तेल का वितरण पैट्रोल और डीजल पम्पों के मालिकों द्वारा किया जायगा,

(ख) क्या इससे डीलरों द्वारा बेचे जाने वाले पेट्रोल में मिलावट बढ़ जायेगी,

(ग) क्या इस मिलावट का पम्पों/डीलरों से पैट्रोल प्राप्त करने वाली कारों और टैक्सियों के इंजनों की क्षमता पर प्रभाव नहीं पड़ेगा, और

(घ) यदि हां, तो मिलावट को रोकने के लिये क्या कार्यवाही करने का प्रस्ताव है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज़ खां) : (क) जहाँ पर एच० एस० डी० तथा मिट्टी के तेल के मूल्य एक जैसे हैं, तेल कम्पनियों को मिट्टी के तेल के वितरण कार्य को सुदृढ़ बनाने के लिये कुछ चुने हुए पैट्रोल पम्पों की मार्फत मिट्टी के तेल की फुटकर बिक्री करने का परामर्श दिया गया है ।

(ख) पैट्रोल की मिट्टी के तेल के साथ मिलावट किये जाने की संभावना सीमित है और इस प्रकार के कदाचारों को रोकने के लिये कदम उठाये जा रहे हैं ।

(ग) मिट्टी के तेल की मिलावट पैट्रोल इंजनों पर बुरा प्रभाव डालेगी अतः मोटर चालकों द्वारा इसका पता लगाया जा सकता है।

(घ) इस प्रकार की मिलावट को रोकने के लिये निम्नलिखित कदम उठाये जा रहे हैं :

(1) राज्य सरकारों को पैट्रोल पम्पों से बेचे जाने वाले पैट्रोल के नमूने की समय-समय पर जांच सुनिश्चित करने तथा अपराधियों के विरुद्ध उपयुक्त कार्य-वाही करने का परामर्श दिया गया है।

(2) मिट्टी के तेल की पैट्रोल के साथ मिलावट का पता लगाने के लिये सरल परीक्षणों का प्रचार किया जा रहा है।

(3) तेल कम्पनियों को इस प्रकार के परीक्षण करने और मिलावट संबंधी शिकायतों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

(4) भारतीय पेट्रोलियम संस्था के परामर्श से मिट्टी के तेल का नीला रंग किये जाने से संबंधित योजना विचाराधीन है। इससे इस प्रकार की किसी मिलावट का दृष्टि से पता लगाना सुनिश्चित हो जायेगा।

राष्ट्रीय परियोजना के रूप में राजस्थान नहर

3737. **डा० कर्णी सिंह** : क्या **सिंचाई और विद्युत्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान नहर के परियोजना अनुमानों में वृद्धि की गई है;

(ख) क्या राज्य सरकार ने उसके पास संसाधनों को कमी के कारण केन्द्रीय सरकार से राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना के रूप में आरंभ किये जाने का अनुरोध किया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस पर केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ;

सिंचाई और विद्युत्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्देश्वर प्रसाद) : (क) राजस्थान नहर की लागत जैसा कि 1970 में अनुमान लगाया गया था, 208 करोड़ रुपये थी। कीमतों के बढ़ने के कारण इसके अब और बढ़ जाने की संभावना है।

(ख) और (ग) केन्द्रीय सरकार द्वारा राजस्थान नहर समेत बृहत् सिंचाई परियोजनाओं को लेने के प्रश्न पर राष्ट्रीय विकास परिषद् द्वारा 1964 में विचार किया गया था और सभी सम्बद्ध पहलुओं पर विचार करने के पश्चात् यह निर्णय किया गया था ये परियोजनाएं राज्य योजना के एक भाग के रूप में ही रहे। बहरहाल, परियोजना के महत्व को ध्यान में रखकर केन्द्र ने योजना परिव्ययों के अतिरिक्त, 15.17 करोड़ रुपयों को अब तक योजनेतर सहायता दी है।

कैडबरी फ्राई (इंडिया)

3738. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इंगलैण्ड की कैडबरी श्वैपैस लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी कैडबरी फ्राई (इण्डिया) का मुख्य व्यापार क्या है ;

(ख) वर्ष 1971-72 तथा 1972-73 में इस कम्पनी के कुल व्यापार, परिसम्पतियों तथा लाभ का मूल्य कितना रहा ;

(ग) इसका वर्तमान पूंजी-निवेश कितना है ;

(घ) 1970-71 तथा 1971-72 में इस कम्पनी ने कुल कितनी राशियों का प्रत्यावर्तन किया;

(ङ) क्या इस कम्पनी के विरुद्ध एकाधिकारिक तथा प्रतिबन्धात्मक व्यापार प्रक्रियाओं सम्बन्धी आरोपों की जांच की गई है; और

(च) यदि हां, तो उस जांच के क्या परिणाम निकले ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री वेदव्रत बरुआ) : (क) कैडबरी स्विप्स लिमिटेड, यू०के० की पूर्ण रूप से स्वामित्वी सहायक, मैसर्स कैडवरी, फ्राई (इण्डिया) लिमिटेड, माल्टीकृत खाद्य, कोका उत्पाद पीने योग्य चाकलेट और चाकलेट मिठाई के उत्पादन के व्यापार में ग्रस्त है ।

(ख) 1 जनवरी, 1972 से 30 दिसम्बर, 1972 की वर्ष समाप्ति हेतु कम्पनी का कुल आवर्त्त, परिसम्पत्ति और लाभ निम्न प्रकार है :—

	कुल आवर्त रु०	परिसम्पत्ति	कर के पश्चात् विकास छूट लाभ रु०
1-1-72	6,96,03992	41661849	2379,651
30-12-72	7,77,90472	49463468	2593412

(ग) 100 रु० प्रत्येक के साम्य 12961 साम्य शेयरों सहित कम्पनी की वर्तमान प्रदत्त पूंजी 12,36,100 रु० है ।

(घ) कम्पनी द्वारा 1971 और 1972 के मध्य अपने समस्त लेखाओं पर कुल प्रेषण के सम्बन्ध में सूचना तत्काल उपलब्ध नहीं है ।

(ङ) तथा (च) एकाधिकार एवं निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा अधिनियम, 1969 की धारा 44 के अन्तर्गत कम्पनी के कार्यों की जांच का आदेश दिया गया था और अभी जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जो सरकार की परीक्षा के अन्तर्गत है ।

बिजली-सप्लाई की दरों में समानता

3739. **श्री एस० एम० बनर्जी** : क्या **सिंचाई और विद्युत्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिजली सप्लाई की दरें समान बनाने में आगे क्या प्रगति हुई है; और

(ख) क्या उद्योगपतियों की अपेक्षा किसानों को सस्ती दर पर बिजली दी जाएगी और यदि नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई और विद्युत्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) प्राय: सभी राज्यों में राज्य के प्रत्येक उपभोक्ताओं को प्रत्येक श्रेणी के लिए पहले से ही समान बिजली दरें हैं। बहरहाल, बिजली-उत्पादन, पारेषण तथा वितरण की लागत में विविधता होने के कारण बिजली की दरें एक राज्य से दूसरे राज्य में भिन्न हैं। बृहत् क्षेत्रीय विद्युत् केन्द्रों से प्रत्येक क्षेत्र के अन्तर्गत और अधिक समान दर संभव हो जाएंगी।

(ख) कृषकों को सप्लाई की जाने वाली विद्युत् उद्योगपतियों को दी जाने वाली बिजली की अपेक्षा अधिक महंगी होती है। क्योंकि कृषि संबंधी भार मात्रा में कम होता है और इसके मौसमी किस्म के होने के कारण इसमें कम भार अनुपात पर सप्लाई की जाती है। इसके अतिरिक्त, वे आमतौर से बिखरे हुए हैं और विद्युत् स्रोत से बहुत दूर स्थित होते हैं। ये तथ्य प्रचालन दक्षता को कम करते हैं और सप्लाई की लागत को काफी हद तक बढ़ा देते हैं। इन प्रतिकूल तथ्यों के बावजूद कृषि उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों को अधिकतर राज्यों में लघु उद्योग उपभोक्ताओं की अपेक्षा प्राय: कम रखा गया है।

जीवन रक्षक औषधियों में आत्म निर्भरता

3740. **श्री एस० एम० बनर्जी** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पांचवी योजना में जीवन रक्षक औषधियों के मामले में आत्म निर्भरता की स्थिति आ जाएगी, यदि नहीं, तो क्यों, और

(ख) देश में और अधिक औषधी निर्माण कारखाने लगाने के लिये आगे क्या कदम उठाए गए हैं ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज़ खां) : (क) और (ख) देश में प्रपुंज औषधी के वर्तमान वार्षिक देशीय उत्पादन का मूल्य 50 करोड़ रुपया है जिसमें पांचवीं योजना अवधि के अन्त तक 200 करोड़ रुपये तक वद्धि करने का विचार है। सरकारी क्षेत्र में नये औषध एककों की स्थापना करने वर्तमान एककों का विस्तार करने के लिए पांचवीं पंचवर्षीय योजना के प्रारूप में 70 करोड़ रुपये की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। मंत्रालय ने औषध उद्योग के संगठनों के साथ विचार विमर्श किये हैं जिससे गैर सरकारी क्षेत्र की कम्पनियां आवश्यक औद्योगिक लाइसेंस के लिए आवेदन पत्रों सहित आगे कदम उठायें।

Use of Steam Engines for Running Trains due to Shortage of Diesel Oil

3741. **Shri Jagannath Mishra** : Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(*a*) whether the Government have made arrangements to use steam engines for the running of trains due to shortage of diesel oil;

(*b*) if so, the names of the trains in which this arrangement has been made; and

(*c*) whether Government propose to resume the train services which are suspended at present by using steam engines?

The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri Mohd. Shafi Qureshi) : (*a*), (*b*) and (*c*) : No diesel hauled trains were suspended due to shortage of diesel oil. Therefore, the question of resumption of train services suspended due to shortage of diesel oil does not arise.

वर्ष 1970-71, 1971-72, 1972-73 और 1973-74 में एकाधिकार तथा निर्बन्धनकारी व्यापार प्रक्रिया आयोगों के पास मामले ।

3742. **श्री रानेन सेन** : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1970-71, 1971-72, 1972-73 और 1973-74 में एकाधिकार तथा निर्बन्धनकारी व्यापार प्रक्रिया आयोग ने कितने मामलों पर विचार किया और उनमें से कितने निपटाये गये : और

(ख) सरकार द्वारा उसे भेजे गये मामलों की संख्या में कमी के क्या कारण हैं ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री वेदव्रत बरुआ) : (क) 1 जून, 1970 से 31 दिसम्बर, 1972 तक की अवधि हेतु सूचना पहिले ही सदन के पटल पर प्रस्तुत की गई आयोग की दो वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्टों में सम्मिलित है । 1 जनवरी, 1973 से 15 मार्च 1974 तक की अवधि हेतु सूचना निम्न प्रकार है :—

धारा 21	1-1-73 से पूर्व 31 माह की अवधि में 21 के विरुद्ध 16 मामले
धारा 22	पूर्व अवधि में 5 के विरुद्ध 5 मामले ।
धारा 23	पूर्व अवधि में 6 के विरुद्ध 1 मामला
धारा 10	पूर्व अवधि में शून्य के विरुद्ध 45 मामले ।

आयोग के विचाराधीन मामलों की संख्या में कोई कमी नहीं हुई है । 1-1-73 से 15-3-74 की अवधि में निपटाये गये मामलों की संख्या (उपक्रमों द्वारा वापिस लिये गये मामलों सहित) निम्न प्रकार है :—

धारा 21	10
धारा 22	5
धारा 23	3
धारा 10	2

(ख) उत्पादन नहीं होता ।

मैसर्ज मे एण्ड बैंकर से अपनी विदेशी ईक्विटी पूंजी कम करने का प्रस्ताव

3743. **श्री भालजीभाई परमार** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसर्स मे एण्ड बैंकर में अपनी विदेशी इक्विटी पूंजी कम करने का प्रस्ताव किया है, यदि हां, तो कब और उक्त प्रस्ताव की मुख्य बातें क्या हैं और उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है, और

(ख) इस सम्बन्ध में वर्तमान स्थिति क्या है और सरकार उस पर अन्तिम निर्णय कब तक कर लेगी ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) और (ख): मैसर्स मे एण्ड बैंकर लि० ने पहले एक प्रस्ताव पेश किया था जिसमें कम्पनी का भारतीय कम्पनी के रूप में परिवर्तन, 10 प्रतिशत की सीमा तक भारतीय पूंजी को सम्बद्ध करना; 15 वर्ष के लिए कुल बिक्री पर 7-1/2 प्रतिशत की रायल्टी का भुगतान आदि सम्मिलित है। उन्होंने 1973 में संशोधित प्रस्ताव पेश किये। संशोधित प्रस्तावों में, प्रपुंज औषधों एवं मध्यवर्ती पदार्थों, अनुसंधान सुविधाओं की स्थापना एवं विदेशी साम्यपूंजी में 75 प्रतिशत की कमी सम्मिलित है।

ये प्रस्ताव विचाराधीन हैं तथा शीघ्र ही एक निर्णय लिए जाने की सम्भावना है।

औषधी फर्मों को 'प्राडक्ट-मिक्स' की अनुमति

3744. **श्री भालजीभाई परमार** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या औषधी फर्मों को 'प्राडक्ट-मिक्स' की अनुमति देने संबंधी हिदायतें दी गई हैं,

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है, और

(ग) क्या इस अनुमति से प्रत्येक फर्म द्वारा विदेशी मुद्रा का उपयोग बढ़ जाएगा ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) और (ख): अनेक औषध उत्पादक फर्में बहुत से औषध उत्पादों का निर्माण करती हैं। इस सम्बन्ध में स्वीकृतियां समय समय पर प्रभावी औद्योगिक लाइसेंसिग नीति की शर्तों के अन्तर्गत दी जाती हैं।

(ग) अपूर्ण आधार पर तकनीकी अधिकारियों तथा आयात नियंत्रण अधिकारियों द्वारा औषध उत्पादकों को कच्चे माल का आयात करने की अनुमति दी गई है तथा विदेशी मुद्रा का बाहर जाना सम्बन्धित एककों के उत्पादन से सीधे सम्बन्धित है जिसमें आयातित कच्चा माल लगता है ।

औषधी फर्मों को कच्चे माल के आयात की अनुमति

3745. **श्री भालजी भाई परमार**: क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ औषधी फर्मों को अनुमति/अनापति पत्रों में उल्लिखित औषधियों के लिये कच्चे माल के प्रत्यक्ष और परोक्ष आयात की अनुमति दी गई है,

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं। और

(ग) क्या अनुमति पत्रों को सभी प्रयोजनों के लिए औद्योगिक लाइसेंस माना गया है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) (क) और (ख) : उपक्रमों को आयात व्यापार निमन्त्रण नीति के अनुसार कच्चे माल का आयात करने की अनुमति दी

गई है। अनमति पत्रों में सम्बन्धित फर्मों द्वारा कुछ सूत्रयोगों का निर्माण करने की स्वीकृति का उल्लेख है।

पश्चिम बंगाल को सिंचाई के लिए वित्तीय सहायता

3746. **श्री ए० के० एम० इसहाक : क्या सिंचाई और विद्युत्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में, परियोजनावार पश्चिम बंगाल राज्य को सिंचाई के लिए कुल कितनी वित्तीय सहायता दी गई ?

सिंचाई और विद्युत्त मंत्री (श्री कृष्ण चन्द पन्त) : चौथी योजना में राज्यों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता ब्लाक ऋणों और अनुदानों के रूप में समग्र रूप में दी जा रही है और यह किसी विशेष परियोजना अथवा विकास शीर्ष से सम्बद्ध नहीं है।

पश्चिम बंगाल में विद्युत प्रजनन

3747. **श्री ए० के० एम० इसहाक : क्या सिंचाई और विद्युत्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम बंगाल से राज्य में अधिक विद्युत प्रजनन के लिए कोई प्रस्ताव सरकार को मिला है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी मुख्य बात क्या हैं और सरकार ने उस पर क्या कार्यवाही की है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) और (ख) पश्चिम बंगाल के लिए निम्नलिखित विद्युत् उत्पादन स्कीमें स्वीकृत हुई हैं :—

स्कीम का नाम	क्षमता (मेगावाट)
1. बन्देल ताप केन्द्र विस्तार (1×200 मेगावाट)	200
2. कोलाघाट ताप-विद्युत् केन्द्र (3×200 मेगावाट)	600
3. जलढाका जल-विद्युत् स्कीम चरण-दो (2×4 मेगावाट)	8
4. रिन्चिगटन जल-विद्युत् स्कीम चरण-दो (2×1 मेगावाट)	2

संथाल डोह ताप-विद्युत् केन्द्र विस्तार (1×200 मेगावाट) दुर्गापुर कोक ओवन ताप केन्द्र विस्तार (1×200 मेगावाट) और दुर्गादुर परियोजना लिमिटेड विस्तार (1×110 मेगावाट) के लिए परियोजना रिपोर्टें प्राप्त हो गई हैं और उनकी जांच की जा रही है।

पश्चिम बंगाल में तेल के लिए छिद्रण स्थान

3746. **श्री ए० के० एम० इसहाक : क्या पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में पश्चिम बंगाल में तेल के लिए छिद्रण हेतु कितने स्थानों पर समय-समय पर विचार किया गया,

(ख) क्या इन स्थानों पर छिद्रण का काम आरम्भ किया गया है, और

(ग) यदि नहीं तो इसके क्या करण हैं ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां): (क) पश्चिम बंगाल में पिछले तीन वर्षों के दौरान तेल तथा गैस के लिए अन्वेषण कुओं के व्यधन के विचार किए गए स्थान निम्नलिखित हैं :—

1. वक्कुलतला क्षेत्र, 24 परगना जिला

2. चेतन्यपुर क्षेत्र, मिदनापुर जिला

3. वोदरा क्षेत्र, 24 परगना जिला

5. गलसी क्षेत्र, वरदवान जिला ।

(ख) और (ग) कुछ क्षेत्रों में व्यधन के लिए प्रारंभिक कार्य हाथ में है । कुछ क्षेत्रों में और भूकम्नीय सर्वेक्षण कार्य की भी आवश्यकता है । अत: इन क्षेत्रों में अभी तक व्यधन कार्य आरम्भ नहीं किया गया है ।

औषधि फर्मों द्वारा रक्षित खपत के लिए औषधि निर्माण

3749. **श्री के० एस० चावड़ा**: क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ औषधी निर्माता फर्में कुछ 'बल्कि' औषधियां बना कर, उनका उपयोग केवल रक्षित खपत के लिए कर रही हैं और औषधियां बनाने वाले असम्बद्ध लोगों को उनकी सप्लाई नहीं कर रही हैं, और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को औषधी (मूल्य नियंत्रण) आदेश 1970 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके उन फर्मों को 'बल्कि' औषधियों का कुछ प्रतिशत भाग उक्त असम्बद्ध निर्माताओं की सप्लाई करने पर बाध्य करने की वांछनीय पर विचार करेगी ?

पेट्रोलियम और रसायन मत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज़ खां) : (क) यह सम्भव है कि प्रपुंज औषधों को उत्पादन करने वाली फर्में अपने प्रपुंज औषध उत्पादन को सम्पूर्ण रूप में कैप्टिव खपत के लिए उपयोग करते हों ।

(ख) प्राय: अब औद्योगिक लाइसेसों पर शर्तें लागू की जा रही हैं जिससे असम्बद्ध उत्पादकों को प्रपुंज औषध उत्पादन की निर्धारित प्रतिशत उपलब्ध की जा सके । तथापि औषध (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 1970 के अन्तर्गत सम्बन्धित व्यवस्था में इस बात की आवश्यकता है कि इसके अधीन जारी किये जाने वाले आदेशों में उन निर्माताओं का उल्लेख होगा जिनको प्रपुंज औषधों का कोई भी निर्माता विशिष्ट प्रपुंज औषध बेच सके ।

औषधि निर्माता फर्मों के निर्यात व्यापार का अध्ययन

3750. श्री के० एस० चावड़ा : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या औषधी निर्माता फर्मों द्वारा विशेषकर 26 प्रतिशत से अधिक की विदेशी इक्विटी पूंजी वाली फर्मों द्वारा किये गये निर्यात व्यापार का कोई गहन अध्ययन किया गया है,

(ख) यदि हां, तो उसके निष्कर्ष क्या हैं और

(ग) यदि नहीं तो क्या सरकार ऐसे अध्ययन करने की व्यवस्था करेगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि किये गये निर्यात देश के सर्वाधिक हित में हैं या नहीं ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज़ खां) : (क) से (ग) 26 प्रतिशत से अधिक की विदेशी इक्विटी पूंजी वाली औषध फर्मों द्वारा किये गये निर्यात् व्यौरों को अध्ययन हेतु एकत्र किया जा रहा है ।

दक्षिण रेलवे में नैमित्तिक श्रमिकों का स्थायी रूप से खपाया जाना

ज3751. श्री था किरुतिनन : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दक्षिण रेलवे तथा अन्य रेलवेज में तीन वर्ष से अधिक अवधि से काम करने वाले नैमित्तिक श्रमिकों की कुल संख्या कितनी है जिन्हें अभी तक स्थायी रूप से नहीं खपाया गया है; और

(ख) उन्हें स्थायी रूप से कब तक खपाने का सरकार का विचार है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) सभी रेलों में दैनिक मजदूरी और केन्द्रीय वेतन आयोग के वेतनमानों पर नियुक्त कर्मचारियों की सख्या लगभग 39,000 है । दक्षिण रेलवे पर इनकी संख्या 8,000 है ।

(ख) जांच समितियों द्वारा जो नैमित्तिक श्रमिक उपयुक्त पाये जाते हैं, उन्हें नियमित पदों पर लगाने के बारे में जैसे-जैसे रिक्तियां होती हैं, पहले से ही विचार किया जा रहा है, लेकिन नियमित पदों पर उन्हें खपाने सम्भावनाएं सीमित होती हैं ।

Production of Oil in Gujarat at Commercial Level

3752. Shri Chandulal Chandrakar : Will the Minister of **Petroleum and Chemicals** be pleased to state :

(*a*) whether production of oil at commercial level has been started immediately in about 100 new oil wells in Gujarat in which prduction was so far beirg made only on experiment basis;

(*b*) if so, the quantity of oil being produced on experiment basis and the quantity of oil likely to be produced now; and

(*c*) the steps staken to boost up production and to develop the wells ?

The Minister of State in the Ministry of Petroleum and Chemicals (Shri Shah Nawaz Khan): (*a*) and (*b*) : Of the about 100 new oil wells in North Gujarat fields about 25 wells are at present under trial production, giving a yield of about 350 tonnes of crude oil per day. The ONGC have drawn up a plan to put the remaining wells in this area on full production during the year 1974-75. During 1974-75 the production from the new wells is expected to yield an additional 1000-1200 tonnes per day.

(*c*) : The steps being taken to boost up production and to develop the new wells include implementation of a scheme known as 'Operation SOKOIL' which involves laying of a 57 km. pipeline, construction of a group gathering station etc. Besides this other steps being taken to boost up production are construction of isolated well-head installations, installation of Sucker Rod Pumps for artificial oil lifting and expansion of the existing installations and construction of new production installations etc.

औषधी निर्माता फर्मों द्वारा तकनीकी विकास महानिदेशालय को मासिक विवरणियां भेजना

3753. **श्री सोम चन्द सोलंकी** : **क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या औषधि निर्माता फर्मों द्वारा तकनीकी विकास महानिर्देशालय को भेजी जाने वाली मासिक उत्पादन-विवरणियां केवल सांख्यकीय महत्व रखती हैं,

(ख) क्या उसमें प्रत्येक औषधी का नाम तथा मात्रा दी जाती है;

(ग) सरकार को यह कैसे पता चलाया है कि इनमें कोई नया उत्पाद शामिल किया गया है या नहीं, और

(घ) इन विवरणियों का सत्यापन करने के लिए सरकार क्या उपाय करती है।

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज़ खां): (क) से (घ) : सांख्यिकीय महत्व के लिये उनके प्रयोग के अतिरिक्त तकनीकी विकास महानिदेशालय के रजिस्टरों पर लाए हुए औषध एककों द्वारा प्रस्तुत किए हुए उत्पादन के मासिक विवरणियां जांच के प्रयोग के लिए भी हैं :—

(i) संबंधित एककों के निष्पादन की तुलना में लाइसेंस युक्त क्षमता ;

(ii) क्षमता के प्रभावी उपयोग में बाधाएं और समस्याएं;

(iii) रिपोर्ट के समय कम्पनी के तैयार माल के स्टाक के आर्डर बुक करना,

(iv) रोजगार स्थिति और

(v) अत्यधिक उपयोग मूल विषयों के उत्पादन और नाम उत्पादन विवरणियों में प्रतिबिम्बित हैं ।

उत्पादन विवरणियों की तकनीकी विकास महानिदेशालय में विकास अधिकारियों द्वारा जांच की जाती है और ये तदनतर कच्चे माल आदि के लिए दिए जाने वाले त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और वार्षिक आवेदन-पत्र से संबद्ध किए जाते हैं जो इस स्तर पर सनदीलेखाकार द्वारा प्रमाणित किए जाते हैं। इस कार्यवाही में एककों द्वारा प्रस्तुत किए हुए मासिक विवरणों को भी ध्यान में रखा जाता है और अधिप्रमाणिकता की जाँच की जाती है ।

जहां प्रवत्तियों में अत्याधिक उपयोग दिखाया है, जहां कहीं अनिवार्य हुआ, तकनीकी विकास महानिदेशालय द्वारा निरीक्षण दौरे आयोजित किए जाते हैं। सम्मिलित संस्था के विचार में मिश्रित प्रवृत्ति को ध्यान में रख कर आवधिक आधार पर केवल चुनीदा जांच की जाती है ।

उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 के अधीन औषधी फर्मों के अनुमति-पत्र जारी करना

3754. **श्री सोम चन्द सोलंकी :** क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1951 के उपबन्धों के अनुसार जिन औषधियों के लिए अनुमित/अनापति पत्र जारी किए जाते हैं उनमें "नई औषधी" की क्या परिभाषा है ;

(ख) क्या किसी नये उत्पाद के निर्माणार्थ औद्योगिक लाईसेंस/तकनीकी विकास महानिदेशालय में पंजीकरण या विधिकरण के अन्तर्गत निर्माण के लिए अनुमति अपेक्षित है,

(ग) क्या औषधी निर्माता फर्मों के सम्बन्ध में कोई अपवाद किया गया है, और

(घ) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) औद्योगिक (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) के खण्ड 3 के उपखण्ड (डी०डी) को व्यवस्थाओं के अनुसार नये वस्तुओं, (न्यू आर्टिकल्स), जो औद्योगिक उपक्रमों के सम्बन्ध में पंजीकृत हैं अथवा जिन्हें इस अधिनियम के अन्तर्गत लाईसेंस अथवा अमुमति-पत्र दिए गए हैं, का अर्थ है :—

(i) उन मदों के अलावा जिनके अन्तर्गत साधारणतया वस्तुओं का निर्माण किया जाए या उस तिथि को जब पंजीकरण हो जाए या लाइसेंस जारी किए जाएं या स्वीकृति दी जाए, जिस तरह का भी मामला हो, के अतिरिक्त कोई भी वस्तु जो अधिनियम के पहले अनुसूची में आए।

(ii) कोई भी वस्तु जो ट्रेड एण्ड मरचन्डाइज मार्क्स एक्ट 1958 में अंकित हो या जो किसी भी पैटन्ट के अन्तर्गत आतीं हों यदि लाइसेंस अथवा अनुमति-पत्र को जारी किए जाने की पंजीकरण तिथि को, जैसा भी मामला हो, औद्योगिक उपक्रम ऐसे वस्तुओं का उत्पादन नहीं कर रही थी जिस पर ऐसा मार्क था अथवा जो उस पेटैन्ट के अन्तर्गत आती हो ।

(ख) से (घ) तक : उन वस्तुओं जो अधिसूचना सं० एस० ओ० 98 (ई०)/आई० डी० आर० ए०/29-बी०/73/1 दिनांक 16 फरवरी 1973 (जिसकी प्रति लोक सभा सचिवालय के पुस्तकालय में उपलब्ध है) के अन्तर्गत आती हैं, जो कुछ शर्तों के अन्तर्गत औद्योगिक लाइसेंस को प्राप्त करने की छूट देते हैं, के अतिरिक्त औद्योगिक उपक्रमों को नई वस्तुओं के निर्माण के लिए औद्योगिक लाइसेंस लेना होता है।

विधान सभा और लोक सभा के उप-निर्वाचन

3755. **श्री नारायण चन्द पाराशर :** क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न राज्यों और संघ राज्य-क्षेत्रों में होने वाले विधान सभा और लोक सभा के उप-निर्वाचनों की 1 मार्च 1974 तक संख्या कितनी थी ;

(ख) ये स्थान किन किन तारीखों को रिक्त हुए थे और इसके कारण क्या थे;

(ग) जो स्थान 6 महीने से अधिक समय से रिक्त पड़े हैं और जिनके लिए उप-निर्वाचन होने थे, उनको कराने में विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(घ) ये उप-निर्वाचन किन तारीखों को करवाए जाएंगे ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नीतिराज सिंह चौधरी): (क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

[ग्रन्थालय में रखा गया देखिए संख्या एल० टी० 6478/74]।

वर्ष 1973 में आरक्षित अथवा अनारक्षित किए जाने वाले विधान सभाओं के निर्वाचन क्षेत्र

3756. **श्री नारायन चन्द पाराशर:** क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1973 में उत्तर प्रदेश में परिसीमन के परिणामस्वरूप आरक्षित किए गए विधान सभाओं के निर्वाचन क्षेत्रों और उनके जिलों के नाम क्या हैं; और

(ख) विधान सभा के लिए उन निर्वाचन क्षेत्रों और उनके जिलों के नाम क्या हैं जिन्हें इस परिसीमन के परिणामस्वरूप अनारक्षित घोषित कर दिया गया है ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नीतिराज सिंह चौधरी): (क) और (ख): अपेक्षित जानकारी वाला विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है। [ग्रन्थालय में रखा गया । देखिए सं० एल० टी० 6479/74]।

उत्तर प्रदेश और उड़ीसा में विरोधी दलों द्वारा कांग्रेस की निर्वाचन सभाओं में विघ्न डालने का आरोप लगाने वाली शिकायतें

3757. **श्री नारायण चन्द पाराशर:** क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निर्वाचन आयोग को शिकायतें मिली हैं कि उत्तर प्रदेश और उड़ीसा में कांग्रेस की निर्वाचन सभाओं में सी० पी० आई० (एम०), जनसंघ, भाक्रांद और कांग्रेस (संगठन) जैसे दलों के समर्थकों और सदस्यों ने विघ्न डाले हैं;

(ख) यदि हां, तो कितनी शिकायतें राज्यवार प्राप्त हुई हैं;

(ग) क्या निर्वाचन आयोग ने इन शिकायतों की जांच की है; और

(घ) यदि हां, तो उसका निष्कर्ष क्या है और आयोग ने क्या कार्यवाही की है ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नीतिराज सिंह):

(क) जी हां।

(ख) उत्तर प्रदेश————4।

उड़ीसा————1।

(ग) और (घ) : उत्तर प्रदेश राज्य से तीन शिकायतों की प्रतियां संबंधित राज्य प्राधिकारियों को तुरन्त आवश्यक कार्यवाही के लिए भेज दी गई थीं। शेष शिकायत के बारे में, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने साधारण निर्वाचन से पूर्व निर्बाध और निष्पक्ष निर्वाचनों के संचालन के लिए विधि और व्यवस्था का बनाए रखना सुनिश्चित करने हेतु राज्य का विस्तृत दौरा किया था और आयुक्तों, कलक्टरों और ज्येष्ठ पुलिस अधिकारियों से विचार-विमर्श किया था। उड़ीसा राज्य से प्राप्त शिकायत, उड़ीसा सरकार के मुख्य सचिव को इन अनुदेशों के साथ कार्यवाही के लिए भेज दी गई थी कि निर्वाचन आयोग को इसके बारे में वापस रिपोर्ट की जाए। उड़ीसा सरकार के मुख्य सचिव की रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है।

उर्वरकों की विश्वव्यापी भारी कमी की आशंका

3758. **श्री नवल कशोर शर्मा :** क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को अगले वर्ष उर्वरकों की विश्व-व्यापी भारी कमी की आशंका के बारे में पता है ;

(ख) यदि हां, तो इस संकट को देखते हुए और देश की उर्वरकों की मांग को पूरा करने के लिए सरकार उर्वरक का उत्पादन बढ़ाने के लिए क्या कार्यवाही कर रही है, और

(ग) क्या सरकार देश की उर्वरकों की मांग पूरी करने के लिए परम्परागत खादों को लोकप्रिय बनाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज़ खां) : (क) से (ग) तक : सूचना एकत्र की जा रही हैं और सभा पटल पर प्रस्तुत की जायेगी।

बदरपुर तापीय बिजलीघर में एक जेनेटर चालू करना

3759. **श्री नवल किशोर शर्मा :** क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बदरपुर तापीय बिजलीघर में आगामी जुलाई में चालू होने वाले 100 मैगावाट के जेनेरेटर के चालू होने में विलम्ब होगा ;

(ख) यदि हां, तो क्यों ; और

(ग) इसे निर्धारित समय पर चालू करना सुनिश्चित करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता।

काठघर की रेल दुर्घटना के 20 मृतकों का बिना शिनाख्त दाह संस्कार

3760. **श्री प्रसन्नभाई मेहता**
श्री निहार लास्कर } : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 20 फरवरी 1974 की काठघर रेल दुर्घटना के 20 मृतकों की शिनाखत नहीं हो सकी ;

(ख) क्या उनका बिना-शिनाखत ही दाह संस्कार कर दिया गया था ; और

(ग) यदि हां, तो क्यों ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) जी हां। जिन मृतकों की पहचान नहीं की जा सकी उनकी संख्या 21 थी न कि 20।

(ख) जी हां।

(ग) चूंकि गंभीर चोटों के कारण मृत व्याक्तियों के चेहरे इतने विकृत हो गए थे कि वे पहचाने नहीं जा सके और किसी ने उनके शवों का दावा नहीं किया। इसलिए उनका अन्तिम संस्कार कर दिया गया । बाद में मृतकों के शरीर पर पाए गए सामानों और कपड़ों से 6 मृतक–5 पुरुष और 1 स्त्री की शिनाखत की जा सकी।

अंकलेश्वर और दूसरे तेल क्षेत्रों में तेल उत्पादन में कमी

3761. **श्री प्रसन्न भाई मेहता**
श्री निहार लास्कर } : क्या **पेट्रोलियम और रसायन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दक्षिण गुजरात में अंकलेश्वर में, जहां अब तक 30 लाख टन से अधिक तेल का उत्पादन हो रहा है, विकास की चरम सीमा आने वाली है,

(ख) यदि हां, तो क्या इस वर्ष वहां से तेल कम मात्रा में प्राप्त होने लगा है, और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या हैं ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) से (ग) : प्रत्येक तेल क्षेत्र की प्रारंम्भिक अवस्था में उत्पादन में वृद्धि दूसरी में उत्पादन में चरम सीमा पर और तीसरे में उत्पादन में कमी होती है। अंकलेश्वर तेल क्षेत्र काफी समय तक उत्पादन की चरम सीमा पर रहा है और हाल ही में उसके उत्पादन में कमी आने लगी है।

कोयली तेल शोधक कारखाने की उत्पादन क्षमता बढ़ाना

3762. **श्री प्रसन्न भाई मेहता**
श्री चन्दू लाल चन्द्राकर } : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या गुजरात कोयली तेलशोधक कारखाने की देश में पेट्रोलियम गैस की उत्पादन क्षमता बढ़ायी जा रही है यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) जी हां,। एल० पी० जी० के प्रति वर्ष 10,000 मीटरी टन की रुपांकित क्षमता की तुलना में कोयली परिष्करण-शाला का वर्तमान उत्पादन स्तर 65,000 मीटरी टन प्रति वर्ष 90,000 मीटरी टन तक और वृद्धि होने की आशा है।

तीसरे वायुमण्डलीय एकक (एटोमोस्फारिक यूनिट) तथा कैलिटिक रिफार्मिक एकक गैसों में एल० पी० जी० के उत्पादन (जिसकी परिकल्पना डिजाइन में नहीं की गयी है), भंडारण तथा सिलेंडर भरने की सुविधाओं में वृद्धि तथा टैंक वैगनों में एल० पी० जी० के प्रचुर मात्रा में परिवाहन सुविधाओं की व्यवस्था करके एल० पी० जी० के उत्पादन में वृद्धि की गयी है।

केरल में बिना चौकीदार वाले रेल-फाटकों पर चौकीदार नियुक्त करना

3763. श्री सी० एच० मोहम्मद कोया: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल में कितने रेल फाटकों पर चौकीदार नहीं हैं: और

(ख) वहां कब तक चौकीदार नियुक्त कर दिये जायेंगे?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी): (क) दो सौ सत्रह।

(ख) बिना चौकीदार वाले समपारों पर चौकीदार रखने का काम राज्य सरकार सड़क प्राधिकारी के परामर्श से प्रत्येक मामले के गुण दोष के आधार पर निश्चित किया जाता है इसलिए बिना चौकीदार वाले समपारों पर चौकीदार रखने की कोई पक्की तारीख नहीं बतायी जा सकती।

मालाबार एक्सप्रैस के परापननगडी रुकने सम्बन्धी मांग

3764. श्री सी० एच० मोहम्मद कोया: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को मालबार एक्सप्रैस के परापननगडी रूकने के बारे में वहां की जनता की मांग के बारे में पता है; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी): (क) जी हां।

(ख) परापननगडी स्टेशन पर 29/30 मालबार एक्सप्रैस गाड़ी के ठहराए जाने का न तो यातायात की दृष्टि के कोई औचित्य है और न ही ऐसा करना भीड़-भाड़ वाली इन गाड़ियों को तेज रफ्तार वाली गाड़ियों बनाए रखने के हित में वांछनीय ही है।

केरल में घाटे पर चल रही रेलगाड़ियां

3765. श्री सी० एच० मोहम्मद कोया: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल में कौन-कौन सी रेल गाड़ियां घाटे में चल रही हैं;

(ख) क्या केरल के लिए अधिक रेल गाड़ियों की व्यवस्था करके घाटे को समाप्त करने हेतु सरकार ने कोई योजना बनायी है; और

(ग) क्या सरकार इस प्रयोजन करने के लिए कम से कम सर्वेक्षण करने का विचार कर रही है?

रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) रेलों पर घाटे के बारे में सूचना राज्यवार नहीं, बल्कि रेलवे वार संकलित की जानी है।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

1/2 मंगलौर-मद्रास मेल गाड़ियों का डीज़लीकरण

3766. **श्री सी० एच० मोहम्मद कोया**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 1/2 मंगलौर-मद्रास मेल गाड़ियों का डीज़लीकरण करने का विचार है और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी): (क) और (ख): डीज़ल रेल इंजन मुख्यतः अनिवार्य माल यातायात की निकासी के लिए आपेक्षित हैं : अतः इनकी कुल उपलब्धता को देखते हुए एक निर्धारित कार्यक्रम के आधार पर सवारी गाड़ियों का डीज़लीकरण किया जा रहा है। इस समय डीज़ल रेल की कमी के कारण सवारी गाड़ियों के डीज़लीकरण की गति धीमी कर दी गयी है। स्थिति में सुधार होते ही इस तरह की अन्य मांगों के साथ-साथ 1/2 मद्रास-मेंगलूर मेल गाड़ियों के डीज़लीकरण के संबंध में भी विचार किया जायेगा।

केरल में वैगन उपलब्ध न किए जाने के कारण उद्योगों को हुई हानि

3767. **श्री सी० एच० मोहम्मद कोया**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पर्याप्त संख्या में रेलवे वैगन उपलब्ध न किये जाने के कारण केरल प्रदेश प्रदेश के उद्योगों को बहुत नुकसान पहुंचा है; और

(ख) वैगनों की नियमित सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्यवाही करने का विचार है?

रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी): (क) केरल के विभिन्न उद्योगों की माल डिब्बों के संबंधित मांग अधिकाधिक पूरी की गयी है। लोको कर्मचारियों की हड़ताल कर्मचारियों और जनता द्वारा किये गये आन्दोलन, नागरिक उपद्रवों आदि के कारण जब कभी माल डिब्बों के अन्तर्रेलवे संचालन की विनियमित करना पड़ा तो उस समय कभी-कभार माल डिब्बों की सप्लाई में देरी हुयी।

(ख) ब्लाक स्पेशल गाड़ियों के रूप में माल डिब्बों की सप्लाई करने के लिये एक विशेष प्रबंध किये गये हैं।

डीजलीकरण के कारण रेलवे की संचालन कार्यकुशलता

3768. श्री सत्येन्द्र नारायण सिन्हा: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या डीजलीकरण के बाद से रेलवे को संचालन कार्यकुशलता बढ़ रही है?

(ख) यदि हां, तो क्या संचालन कार्य-कुशलता बढ़ जाने के कारण यात्रियों को कम किराए और माल-भाड़े तथा अधिक सुविधाओं के रूप में कोई लाभ पहुंच सका है?

(ग) क्या रेलवे डीजलीकरण से लागत लाभ संबंधी कोई विश्लेषण किया है; और

(घ) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी): (क) रेलों की समग्र परिचालन कुशलता आंकने का कोई एकमात्र सूचक नहीं है। लेकिन जब से डीजल और बिजली रेल इंजन जैसे कर्षण के आधुनिक साधनों का उपयोग होने लगा है तब से इंजन के उपयोग के विभिन्न सूचकांकों अर्थात लाइन पर प्रति इंजन दिन किलोमीटर गाड़ियों के भार उपयोग में लाइन पर प्रति मालगाडी इंजन दिन शुद्ध मीटरिक टन किलोमीटर और प्रति इंजन घंटा शुद्ध-मीटरिक टन-किलोमीटरों में काफी सुधार हुआ है।

(ख) डीज़ल कर्षण सहित आधुनिक कर्षण के फलस्वरूप उन्नत परिचालन कुशलता के जो लाभ प्राप्त हुए हैं उनके चलते ही रेलों के लिए निवेष की तेजी से बढ़ती हुयी लागत अर्थात कर्मचारियों की लागत और भण्डार तथा समान जिसमें ईंधन भी शामिल है, की लागत का प्रभाव बहुत हद तक सहन करना संभव हो सका है और किराये तथा भाड़े की दरों में केवल न्यूनतम वृद्धि की गयी है। इससे रेल उपयोगकर्ताओं को भी लाभ हुआ है। जहां तक यात्रियों के लिये सुविधाओं का प्रश्न है डीज़ल कर्षित सवारी गाड़ियों की औसत गति उनमें लगाये जाने वाले डिब्बों की संख्या में वृद्धि हुई है इससे अधिक स्थान की व्यवस्था हो गयी और यात्रा के दौरान सफाई के साथ-साथ यात्रा में लगने वाला समय भी कम हो गया है।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

उत्तर प्रदेश में विद्यमान मीटर लाइनों को बड़ी और दोहरी लाइनों में बदलना

3769. श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह सिन्हा: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे ने उत्तर प्रदेश में नयी रेलवे लाइनें बिछाने अथवा मीटर लाइनों को बड़ी लाइनों में बदलने अथवा विद्यमान लाइनों को दोहरी बनाने का काम आरंभ किया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या उन्होंने इस संबंध में क्या संभाव्यता अध्ययन किया है और उसके क्या परिणाम निकले हैं?

रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी): (क) जी हां, जैसा नीचे बताया गया है;

(1) बाराबंकी से समस्तीपुर तक मीटर लाइन से बड़ी लाइन में आमान परिवर्तन

(2) जहां पहले शहादरा-सहारनपुर लाइट रेलवे चलती थी, उस क्षेत्र में बड़ी लाइन का निर्माण।

(3) छितौनी से वगहा तक उखाड़ी गयी मीटरी लाइन को फिर से बिछाना

(4) डलमऊ से दरियापुर तक उखाड़ी गयी लाइन को फिर से बिछाना।

(5) मुरादाबाद और रामपुर से रामनगर और काठगोदाम तक बड़े आमान की रेलवे लाइन का निर्माण।

(6) निम्नलिखित खण्डों पर दोहरी लाइन बिछाना :—

(i) करोंदा-धौरा

(ii) बयाना-मथुरा

(iii) माताटीला-बसई

(iv) गाजियाबाद-मुरादनगर

(v) मेरठ सिटी-दौराला, और

(v) नागल-सहारनपुर

(ख) जी हां व्यावहारिक अध्ययनों से ऊपर (क) में उल्लिखित योजनाओं वाले पिछड़े क्षेत्रों की आर्थिक क्षमता उनके विकास का पता लगा है।

पश्चिम बंगाल में दामोदर नदी के निचले क्षेत्रों से गाद निकालने के काम के लिए धन का अभाव

3770. **श्री सरोज मुखर्जी :** क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम बंगाल में दामोदर नदी के निचले क्षेत्रों में गाद निकालने का काम जो केन्द्रीय मंत्रालय के रहने पर आरंभ किया गया था, धन के अभाव के कारण बीच में ही रोक दिया गया है ;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार ने बर्दवान जिले (पश्चिम बंगाल) में बेगुआ हना में नदी को मुख्य धार के विभाजन स्थल से लेकर हावड़ा जिले में हुगली नदी में उसके संगम स्टाल तक पुन: चालू करने की योजना को क्रियान्वित करने का वचन और जो उसके लिए आवश्यक धन राशि दी थी एवं क्या यह काम पहले ही आरंभ किया जा चुका है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में कितनी प्रगति हुई है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) से (ग) : निम्न दामोदर सुधार स्कीम का चरण एक 6.82 करोड़ रूपए को अनुमानित लागत पर अप्रैल, 1971 में योजना आयोग द्वारा कार्यान्वयन के लिए स्वीकृत किया गया था। इस स्कीम में अपता चैनल (निम्न दामोदर नदी की पुरानी धारा) और इसको कुछ सहायक नालियों

की खुदायी, मदरिया तथा डाकलिया खाल्स के वोग एक सम्पर्क चैनल, अमता चैनल पर मुहाना जलकपाट का निर्माण और वर्तमान पुलों जलकपाटों आदि का निर्माण तथा पुनः रूपण शामिल है। इस स्कीम पर कार्य 1971-72 से आरंभ किया गया था और इसके मार्च 1975 तक पूरे होने की संभावना है।

राज्य सरकार ने सूचित किया है कि अमता चैनल की खुदायी कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और वृहत्त क्षेत्रों में जल निकास अवरोध में सुधार हुआ है। डकातिया तथा मडारिया खाल्स के बीच चैनल तथा बहुत सी चिनायो योजनाओं पर कार्य प्रगति कर रहा है। मुहाने जलकपाट पर कार्य के लिए प्रबंध भी किए जा रहे हैं।

केन्द्रीय सरकार पश्चिमी बंगाल में पांच प्राथमिकता बाढ़ नियंत्रण स्कीमों, जिनमें निम्न दामोदर सुधार स्कीम शामिल थी, का तेजी से कार्यान्वयन करने के लिए चौथी योजना के अन्तिम दो वर्षों के दौरान 11 करोड़ रुपए को विशेष वित्तीय सहायता देने के लिए सहमत हो गयी थी। सभी प्राथमिकता प्राप्त स्कीमों के लिए 1972-73 के दौरान 3 करोड़ रुपए और 1973-74 के दौरान 8 करोड़ रुपए की धन राशि दी गयी।

पश्चिम बंगाल में अजय नदी योजना का क्रियान्वित किया जाना

3771. **श्री सरोज मुखर्जी:** क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या शिकितिया में जलाशय बनाने के लिए अजय नदी योजना केन्द्रीय सरकार से आवश्यक मंजूरी न मिलने के कारण अनिमित पड़ी है?

(ख) क्या तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार को यह आश्वासन दिये जाने के बाबजूद पश्चिम बंगाल में अजय नदी के बहाव को मोड़ने की योजना को क्रियान्वित में पड़ने वाली वाधाओं पर काबू पाने के लिए केन्द्रीय सरकार वित्तीय रूप से तथा अन्य प्रकार से राज्य सरकार को सहायता करेगी, अजय योजना ठप्प कर दी गयी है और

(ग) यदि हां, तो इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए सरकार का क्या कार्य-वाही करने का विचार है?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त): (क) से (ग): सोकितिया में जलाशय के लिए कोई स्कीम पश्चिमी बंगाल सरकार से प्राप्त नहीं हुई है। वहरहाल, हाल ही में पश्चिम बंगाल सरकार ने 20.43 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर सोकतिया के लगभग $7\frac{1}{2}$, मील अनुप्रवाह में बिहार में तोलावोनो पर एक बांध के निर्माण का प्रस्ताव किया है। दूसरी ओर बिहार सरकार को सोकेतिया पर एक वराज बनाने की स्कीम है।

इन प्रस्तावों में अन्तर्राजीय पहलू निहित हैं और उनके हल होने पर ही कार्यान्वयन पर विचार किया जा सकता है। इस उद्देश्य के लिए पश्चिम बंगाल और बिहार के मुख्य मंत्रियों ने अगस्त, 1972 में इस मामले का तथा उन अन्य मामलों का जिनके बारे में उनमें मदभेद है, विस्तृत अध्ययन करने तथा तदोपरान्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु एक बिहार पश्चिम

बंगाल नदी अध्ययन दल गठित किया था जिनमें दोनों राज्य के अधिकारी सम्मिलित थे। दल ने अपनी रिपोर्ट पश्चिम बंगाल और बिहार ने मंत्रियों को विचार करने तथा अन्तिम निर्णय लेने के लिए अगस्त, 1973 में प्रस्तुत की थी। रिपोर्ट पर अभी तक उनके द्वारा निर्णय नही लिया गया है।

सिंचाई और विद्युत मंत्री ने भी दोनों मुख्य मंत्रियों को इस मामले में शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध किया है।

राजामुन्दरी (आन्ध्र प्रदेश) में दूसरे रेल पुल का काम पूरा हो जाना

3772. **श्री बी० एस० मूर्ति**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश में राजामुन्दरी में दूसरा रेल पुल कब तक तैयार हो जायगा; और

(ख) यदि इसमें विलम्ब हुआ है तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी): (क) दिसम्बर, 1974 तक पुल को यात्री यातायात के लिए खोल दिये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

(ख) काम को पूरा होने में विलम्ब का कारण यह है कि गार्डरों के लिए आपेक्षित इस्पात उपलब्ध नहीं हुआ 1972 में हार्डिग ब्रिज को फिर से चालू करने के लिए 300 के दो स्पेन बंगला देश भेज दिये गये थे।

वर्ष 1971-72 और 1972-73 में "ट्रैक" नवीकरण का लक्ष्य

3773. **श्री बी० एस० मूर्ति**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1971-72 और 1972-73 में ट्रैक नवीकरण के क्या लक्ष्य थे: और

(ख) ये लक्ष्य कहां तक प्राप्त हो सके हैं?

रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी):

(क) वर्ष 1971-72 और 1972-73 के लिए रेल पथ के नवीकरण के लक्ष्य इस प्रकार थे:—

	रेल पथ किलोमीटर में			
	1971-72		1972-73	
	मुख्य	अनुषंगी	मुख्य	अनुषंगी
पूरे रेल पथ का नवीकरण .	960	307	15,34	3,78
रेल पटरियों का नवीकरण .	393	1,44	4,29	3,73
स्लीपरों का नवीकरण .	842	80	10,87	2,37

(ख) वर्ष 1971-72 और 1982-73 में रेल पथ के नवीकरण के लक्ष्यों में उपलब्धि इस प्रकार रही:—

रेल पथ किलोमीटर में

	1971-72		1972-73	
	मुख्य	अनुषंगी	मुख्य	अनुषंगी
पूरे रेल पथ का नवीकरण	590	295	810	238
रेल पटरियों का नवीकरण	376	28	478	113
स्लीपरों का नवीकरण	583	31	760	63

वर्ष 1973-74 के दौरान हुई दुर्घटनाओं के लिए दिया गया मुआवजा

3774. **श्री एम० सी० सामन्त:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: वर्ष 1973-74 में हुयी मुख्य रेल दुर्घटनाओं के कारण क्षतपूर्ति के रूप में कितनी धनराशि का भुगतान किया गया?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : वर्ष 1973-74 की अवधि में अब तक कुल 1,89,200 रुपए 81 पैसे की रकम मुआवज़ा के रूप में दी जा चुकी है। इसमें मुआवज़े के रूप में जितनी राशि का भुगतान 1973-74 के दौरान हुई दुर्घटनाओं के लिये किया गया उसके आंकड़े अलग से उपलब्ध नहीं हैं।

वर्ष 1973-74 में हड़तालों और दुर्घटनाओं के कारण हुई हानि को पूरा किया जाना

3775. **श्री एस० सी० सामन्त:** :क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1973-74 में हुई हड़तालों और दुर्घटनाओं के कारण हुई हानि को पूरा करने के लिए रेलवे का क्या कार्यवाही करने का विचार है; और

(ख) रेलवे में हुई हड़तालों के कारण, जिनमें प्रयोक्ताओं का कोई हाथ नहीं था, व्यक्तियों संगठनों व्यापार गृहों, सरकारी उपक्रमों सहित सरकार को हानि अथवा क्षति की ज़िम्मेदारी रेलवे द्वारा अपने ऊपर न लिये जाने का क्या कारण है?

रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी): (क) रेलवे राजस्व की अब तक की हुई हानि को पूरा करना संभव नहीं है क्योंकि वित्तीय वर्ष 12 दिन बाद समाप्त हो जायगा;

(ख) जिस किस्म की हानियों और क्षतियों का उल्लेख किया गया है रेल उनके लिए उत्तरदायी नहीं है।

स्वर्ण रेखा परियोजना का पुनरीक्षण

3776. **श्री समर गुह : क्या सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार उड़ीसा और पश्चिम बंगाल की जनता को लाभ पहुंचाने के लिए स्वर्णरेखा बाढ़ नियंत्रण परियोजना का पुनरीक्षण करने का है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस परियोजना को अंतिम रूप दे दिया गया है;

(ग) नयी परियोजना की मुख्य बातें क्या हैं और इसको क्रियान्वित करने का क्या कार्यक्रम है ; और

(घ) क्या गत वर्ष स्वर्ण रेखा को बाढ़ से उड़ीसा और पश्चिम बंगाल की जनता को हुई हानि को ध्यान में रखते हुए सरकार का विचार परियोजना को फिर से तैयार करने और उसकी क्रियान्विति संबंधी काम को पूरा करने को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया को तेज करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या हैं ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) से (घ) अगस्त, 1972 में एक व्यापक बाढ़ नियंत्रण योजना तैयार करने हेतु सिंचाई और विद्युत मंत्रालय द्वारा गठित स्वर्णरेखा की रिपोर्ट में की गयी सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए 1970 में उड़ीसा तथा पश्चमी वंगाल को सरकारों द्वारा तैयार की गयी स्वर्णरेखा को बाढ़ों के प्रति सुरक्षा की स्कीमों का संशोधन किया जाना है। समिति द्वारा संस्तावित स्कीम में बिहार सरकार द्वारा तैयार की गयी स्वर्ण रेखा बहुद्देशीय परियोजना में सम्मिलित चंदिल पर बांध में बाढ़-संचय बाढ़ों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों को सुरक्षा के लिए पश्चिमी बंगाल तथा उड़ीसा तटबंधों का निर्माण तथा उडीसा में खालजोरो तथा चित्ताई नालों के निकास में सुधार करना सम्मिलित है।

समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखकर संशोधन स्कीमों को बिहार, उड़ीसा तथा पश्चिम बंगाल राज्य सरकारों द्वारा अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है ? उनसे उसे शीघ्र अंतिम रूप में देने के लिए अनुरोध किया गया है।

रेलवे में काम कर रहे स्वतंत्रता सेनानी

3777. **श्री समर गुह** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) : क्या रेलवे में अनेक स्वतंत्रता सेनानी काम कर रहे हैं ?

(ख) क्या उनमें से अधिकांश ने देर से सेवा आरंभ की थी और वे पूरी अवधि तक सेवा का लाभ प्राप्त नहीं कर सके हैं।

(ग) क्या विभिन्न राज्य सरकारों और केन्द्रीय सरकार के कुछ विभागों ने स्वतंत्रता सेनानी सरकारी कर्मचारियों को उनकी सेवा अवधि बढ़ाए जाने का लाभ दिया है ;

(घ) क्या रेलवे भी अपने कर्मचारियों को जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया इस प्रकार का लाभ देगा ; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की गयी है या करने का विचार है और रेलवे के स्वतंत्रता सेनानी कर्मचारियों ने इस प्रकार का लाभ प्राप्त करने के लिए अब तक सरकार को कितने आवेदन-पत्र भेजे हैं?

रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) से (ङ) तक : सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायगी।

ज्वार भाटीय तरंगों से बिजली बनाना

3778. **श्री बीरेन्द्र सिंह राव**
श्री मुख्तियार सिंह मलिक } : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंजीनियरी फर्मों ने सरकार को जवार भाटीय तरगों से बिजली बनाने के संबंध में कुछ प्रस्ताव प्रस्तुत किये हैं?

(ख) यदि हां तो उनकी रूपरेखा क्या है; और

(ग) क्या सरकार द्वारा प्रस्तावों पर विचार कर लिया गया है; और यदि हां, तो उन पर क्या निर्णय किया गया है?

सिंचाई और विद्युत मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) : प्रश्न ही नहीं उठता।

अतारांकित प्रश्न संख्या का 921 दिनांक 26-2-1974 के उत्तर में शुद्धि करने वाला विवरण

STATEMENT CORRECTING ANSWER TO USQ NO. 921 DATED 26-2-1974

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाहनवाज खां) : 26-2-1974 को सभा-पटल पर अतारांकित प्रश्न संख्या 921 का उत्तर प्रस्तुत करते हुए प्रश्न के भाग (क), (ख) तथा (ग) के उत्तर में मैंने कहा था कि असम सरकार ने अपने राज्य में उत्पादित कच्चे तेल की रायल्टी में वृद्धि के लिए मांग नहीं की। उसके बाद मैंने पैट्रोलियम तथा रसायन मंत्री को असम के मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में लिखे गये एक पत्र को देखा है जिसमें अनुरोध किया गया था अतः इस प्रश्न के उत्तर में निम्नलिखित सुधार किया जाए :—

(क) तथा (ख) : इस समय कच्चे तेल के लिए 15 रुपए प्रति मीट्रिक टन की दर से दी जाने वाली रायल्टी को तत्काल 30 रुपए प्रति मीट्रिक टन तक बढ़ाने के संबंध में असम के मुख्यमंत्री से हाल ही में एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और उसकी जांच की जा रही है।

(ग) इस समय पैट्रोलियम उत्पादों के विक्रय मूल्यों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उपर्युक्त सीमा तक सभा-पटल पर दिए गए उत्तर में संशोधित करने का आग्रह करता हूं। इसके लिए मैं खेद प्रकट करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : अब हम ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लेते हैं।

श्री दीनेन भट्टाचार्य (सेरामपुर) : हमने पटना में गोली चलने के बारे में एक स्थगन प्रस्ताव की सूचना दी थी।

अध्यक्ष महोदय : साधारणतया ऐसे प्रस्ताव ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के पश्चात् लिये जाते हैं।

श्री दीनेन भट्टाचार्य : नियम तो यह कहता है कि प्रश्न काल के तुरन्त बाद यह उठाया जाना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय : परन्तु हम यह परम्परा का पालन काफी समय से करते आ रहे हैं।

Shri Atal Bihari Vajpayee (Gwalior) : If you so desire, we may first take up call attention and then adjournment motion.

Mr. Speaker : It should be settled once for all whether adjourment motion should be taken up before call attention.

Some Hon. Members : First take up call attention, please.

अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

उत्तर प्रदेश, बिहार तथा अन्य राज्यों में गन्ना उत्पादकों के लिए निर्धारित गन्ने के न्यूनतम मूल्य का भुगतान न किये जाने का कथित समाचार

श्री जगन्नाथ मिश्र (मधुबनी) : श्रीमान्, मैं कृषि मंत्री का ध्यान अविलम्बनीय लोक महत्व के निम्नलिखित विषय की ओर दिलाता हूं और उनसे प्रार्थना करता हूं कि वे इस सम्बन्ध में एक वक्तव्य दें :

"उत्तर प्रदेश, बिहार तथा अन्य राज्यों में गन्ना उत्पादकों के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित गन्ने के न्यूनतम मूल्य का भुगतान न किये जाने के फलस्वरूप उनकी करोड़ों रुपये की राशि बकाया हो जाने तथा सोसाइटी क्षेत्र में गन्ने की खड़ी फसल की खरीद बन्द हो जाने के समाचार।"

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बी० पी० मौर्य) : श्रीमन्, अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अधीन जारी किए गए गन्ना (नियन्त्रण) आदेश, 1966 की धारा 3 के अधीन केन्द्रीय सरकार प्रत्येक मौसम में चीनी फैक्ट्रियों द्वारा गन्ना उत्पादकों को देय गन्ने का न्यूनतम मूल्य निर्धारित करती है। इस आदेश में गन्ना उत्पादकों को गन्ने की सुपुर्दगी के 14 दिनों के अन्दर गन्ने के मूल्य का भुगतान करने की व्यवस्था है।

2. 15 फरवरी, 1974 जिस तारीख तक के पूरे आंकड़े मंत्रालय में उपलब्ध हैं, को देश में कारखानों द्वारा 1973-74 के दौरान खरीदे गए गन्ने का कुल मूल्य 245.76 करोड़ रुपये बैठता है। इसके प्रति कारखानों ने 193.24 करोड़ रुपये का भुगतान किया था और 52.52 करोड़ रुपये का भुगतान करना शेष था। इसमें से 15 फरवरी, 1974 को समाप्त होने वाले पखवाड़े के दौरान कारखानों को सप्लाई किए गए गन्ने का मूल्य लगभग 46.29 करोड़ रुपये बैठता है। अतः 31 जनवरी, 1974 तक खरीदे गए गन्ने के मूल्य की

बकाया राशि उक्त तारीख को 6.23 करोड़ रुपये बैठेगी । यह राशि खरीदे गए गन्ने की कुल कीमत का 3.1 प्रतिशत बैठती है। 1971-72 के दौरान 31 जनवरी तक सप्लाई किए गए गन्ने की बकाया राशि 4.3 प्रतिशत थी जबकि 1972-73 के दौरान वास्तव में वह शून्य थी। पिछले वर्ष स्थिति में सुधार हुआ था अधिकांशत: इसलिए कि हमारे कहने पर भारत के रिजर्व बैंक ने सभी वाणिज्यिक बैंकों को अनुदेश जारी किए थे कि वे कारखानों को दिए गए अग्रिमों को दो खातों में चलाए, उनमें से एक को केवल गन्ने के मूल्य का भुगतान करने के लिए अलग रखा जाए।

3. राजस्व बकाया होने की दिशा में गन्ने के मूल्यों का समय पर भुगतान कराने के लिए कुछेक राज्य सरकारों, विशेषतया उत्तर प्रदेश और बिहार के पास पहले ही आवश्यक विधायी शक्तियां हैं। उन्हें कानून के अधीन कार्यवाही करने के लिए कहा जा रहा है। जिन अन्य राज्य सरकारों ने इसी प्रकार के अपने कानून नहीं बनाए हैं, उनसे समय-समय पर कहा जाता है कि वे ऐसा कानून बनाएं।

4. मंत्रालय के पास ऐसी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है कि कारखानों में निर्धारित जोनों में गन्ने की खरीदारी बन्द कर दी है।

Shri Jagannath Mishra : Sir, Agriculture is the backbone of our economy. The progress of the country depends on the progress of the farmers. Our Government has paid more attention to the development of urban areas than the development of agriculture. As regards the sugarcane crop, and Sugar industry it comes after textile industry. There are about 216 sugar mills and an amount of Rs. 700 crores is invested in it. If more attention is paid to this industry it can prove more beneficial and more foreign exchange earner.

The condition of cane growers in U. P., Bihar and other States is very deplorable. Payment of cane dues are not made in time. Though government gave an assurance in the reply given on 13-11-72 to question No. 83 that the expeditious payment of cane dues will be made to the cane growers and the State Governments have also been advised to do so. Inspite of it, payment is not made to them and it resulted in arrears to the tune time of crores of rupees. In Uttar Pradesh alone this amount was Rs. 35 crores in 1969-70 and Rs. 20 crores in 1970. Even the sugar factories being run by the cooperatives are not making payment to the cane growers in time. For instance a co-operative sugar factory in Darbhanga district is in arrears of Rs. 17 lakhs. The private owners of the sugar mills utilize the money, advanced by the banks against sugar stocks for disbursment to the cane growers, for starting some other new business or for expending existing one. Even the money collected on account of the development cess is not spent by them for development of roads etc. These days sugar cane seed and fertilizers are not being supplied by the Centre. I would like to know whether all these things will be set right ; and whether all the sugar mills will be nationalised so that they may be run efficiently and the farmers may not be subjected to injustice. May I also know whether the duel pricing policy in respect of sugar will have adverse effect on sugarcane production, which is falling down even now.

Shri B. P. Maurya : Sir, it is not correct to say that the Central Government and the State Governments are indifferent to the development of sugar industry. Despite of failure of winter monsoon the production of sugar will be 4·3 million tonnes, which is more than last year's production. The dual price system of sugar in proportion of 70 : 30 will have good inpact on the production of sugarcane.

As regards the payment of cane price to the growers, some States have already enacted legislations in this respect and according to the existing provision growers must be paid within 14 days of the supply of sugar cane to the mill. Our Ministry is giving thought to the issue of reducing this period to 7 days. We always advise the State Governments to properly implement the concerned rules. We received no report that any mill is refusing to take supply of the zones ear marked for it. As regards the nationalisation of the sugar industry, the report of the commission appointed on this point has been received and it is being studied by Government.

Shri Bibhuti Mishra (Motihari) : Sir, the amount of arrear has been given in lump sum and not factorywise, so that one may not understand the actual position. May I know the steps being taken by Government to improve the lot of Cane growers. i.e. to make expeditious payment for their cane supply, to make good seeds and fertilizers available to them; to introduce good marketing system, to appoint a Chemist to decide the percentage of recovery in private mills and to fix the date by which the standing crop of sugarcane will be crushed ?

Shri B. P. Maurya : We fix the support price with the intention to give benefit to the growers and in most of the cases growers get more price than the support price. As regards the question of recovery, there is a provision of Inspector appointed by government, who decides the percentage of recovery. I assure the hon. Member that this provision will be enforced more strictly in the future.

Shri Hari Kishore Singh (Pupri) : Sir, I would like to know the basis on which the support price for sugarcane is fixed ; whether the increase in the prices of fertilizers and diesel was taken into consideration while fixing the support price; and the reasons why different support prices were fixed for Uttar Pradesh, Bihar and Haryana States. The old and out dated machinery in sugar mills of Uttar Pradesh and Bihar shows less recovery in sugarcane, and one this account cane growers have to suffer. May I know the steps government is going to take in this respect? Whenever, there is more average of sugarcane the sugar mills are not in a position to lift the whole of sugarcane production and on this account also the farmers suffer. What steps are being taken to improve this situation?

Shri B. P. Maurya : As I have already stated, the farmers got more than the support price last year as well as this year. While fixing the support price, it is seen that growers are not put to loss. As regards the less recovery on account of old machinery in sugar mills, the government is equally worried about it and decision in this respect will be taken soon.

Shri Narsingh Narain Pandey (Gorakhpur) : The Minister has stated that the government has received no reports about the refusal by sugar mills to purchase the sugarcane from the farmers. But I would like to give some positive information to the Minister in this connection. The sugar mills in Amritsar, Gurdaspur of Punjab and mills located in Gorakhpur and Deoria of U.P. have stopped purchasing sugarcane. The Batala co-operative Sugar Factory is purchasing the sugarcane at less than fixed price. The mills situated in farrukhabad district of U. P. are also paying less than fixed price to the growers. Even the Dimond Sugar Factory, which is a government controlled factory, is in arrear of Rs. 40 lakhs. Such factories have been waiting for a change in the credit squeeze policy of Reserve Bank. I want to know whether the mill owners are puting pressure on the government to have the change in its policy by taking the decision of stopping to take sugarcane supplies. May I know whether government will take steps to increase the ex-port of the sugar and the same will be sold in international free market after the existing agreement with U. K. or U.S.A. expires in December, 1974; and whether an association of sugar producing countries will be formed on the pattern of the association of oil producing countries. Will government lay down a definite policy in rpesect of production, control and

proper distribution of khandsari, gur and sugar? May I know the reasons why the report of the Bhargava commission is not being laid on the Table of the House ?

Shri B. P. Maurya : The Diamond sugar Mill of Uttar Pradesh stopped taking sugarcane on 2nd of February. The sugarcane of this area is being diverted to other mills so that the growers are not put to loss. An amount of Rs. 46·74 lakhs was outstanding against this Mill. U. P. government has given guarantee for Rs. 16 lakhs to this mill for re-starting the work. As regards the export of sugar, we will export as much as can easily be exported and we will see that our Country does not suffer in sugar trade with others countries in view of the fact that the price of sugar has been increasing in international market. As regards the report of Bhargava Commission, it was submitted on 27th of February and it is being studied in details. We will try to place it on the Table of the House soon.

स्थगन प्रस्ताव
MOTION FOR ADJOURNMENT

प्रस्ताव पेश करने की अनुमति न दिया जाना

श्री ज्योतिर्मय बसु : बिहार की स्थिति बिगड़ती जा रही है । वहां 20 व्यक्ति गोली से मार दिये गये हैं और लगभग 200 व्यक्ति जख्मी हो गये हैं ।

Shri Atal Bihari Vajpayee : The central government is responsible for all this. (Interruptions)

Mr. Speaker : Order, Order please. you all sit down. I have not been able to make out anything of what you all are speaking.

Shri Jyotirmoy Bosu : Statement should have been given yesterday.

Mr. Speaker : How can it be done unless situation is ascertained. The Notice of the adjournment motion was given yesterday and the Minister of Home Affairs is in Bihar .....

Shri Atal Bihari Vajpayee : Sir, if you want to accept it, please accept or hear us before taking the decision on this question.

Mr. Speaker : Now, I have no objection in allowing it, as the budget discussion is going to conclude today. The motions were received from Shri Atal Bihari Vajpayee, Shri G. P. Yadav, Shri Ramavtar Shastri, Shri H. N. Mukherjee, Shri C. K. Chandrappan, Shri Samar Guha, Shri S. M. Banerjee, Shri Madhu Dandvate.....First of all, the motion of Shri Atal Bihari Vajpayee and Shri G. P. Yadav was received. So now I ask Shri Vajpayee to move for leave of the House.

Shri Atal Bihari Vajpayee : Mr. Speaker, Sir, I move for leave of the House for my adjournment motion :

"That the debate in the House be adjourned to discuss the deteriorating situation in Bihar."

संसदीय कार्य मंत्री (श्री के० रघुरामैया) : सरकार की ओर से मैं इसका विरोध करता हूं ।

अध्यक्ष महोदय : जो सदस्य इस प्रस्ताव को अनुमति दिये जाने के पक्ष में हैं, वे खड़े हो जाएं....

चूंकि इसके पक्ष में 50 सदस्य से कम हैं इसलिए इसे अनुमति नहीं मिली ।

Shri Atal Bihari Vajpayee (Gwalior) : Seats to C. P. M. members may be provided on the other side. They are with the government.

अध्यक्ष महोदय : ऐसा नहीं किया जा सकता ।

श्री पीलू मोदी (गोधरा) : क्या आप समझते हैं कि बिहार पर चर्चा न करा कर बिहार में होने वाली क्रान्ति को आप रोक सकते हैं ।

अध्यक्ष महोदय : कृपया आप सभी अपने स्थानों पर बैठ जाइये ।
(व्यवधान)

पटना में गोली चलना
FIRING IN PATNA

Shri Madhu Limaye (Banre) : I sire an a point of order. Please allcw discussion on the situation of Patna under Rule, 197.

अध्यक्ष महोदय : सभा के कार्य का निर्णय कार्य मंत्रणा समिति द्वारा किया जाता है ।

Shri Madhu Limaye : Will you allow discussion on it?

अध्यक्ष महोदय : मैं मंत्री महोदय से वक्तव्य देने को कहूंगा ।

श्री एच० एन० मुखर्जी (कलकत्ता-उत्तर पूर्व) : मैं आपसे निवेदन करता हूं कि इस प्रकार के मामलों पर अविलम्ब चर्चा की अनुमति दी जानी चाहिए ।

श्री ए० के० गोपालन (पालघाट) : यह मामला अत्यन्त गम्भीर है अतएव इस पर चर्चा की अनुमति दी जानी चाहिए (अन्तर्बाधाएं) ।

अध्यक्ष महोदय : आप उन्हें बोलने दीजिए ।

श्री ए० के० गोपालन : यह मामला शासक दल अथवा विरोधी दलों का नहीं है अपितु असामाजिक तत्वों का है । उनका कहना है कि मूल्य बढ़ गये हैं । अतएव इस पर चर्चा की अनुमति दीजिए ।

अध्यक्ष महोदय : मैं चर्चा पर किसी प्रकार से रोक लगाना नहीं चाहता । जब स्थगन प्रस्ताव पर राय ली गई थी तब सम्भवत: बहुत से लोग अनुपस्थित थे ।

प्रो० मधु दंडवते (राजापुर) : तब आप नियमों में परिवर्तन कर दें ।

अध्यक्ष महोदय : ऐसी दशा में सभा में गणपूर्ति का क्या करेंगे ।

श्री एच० एन० मुखर्जी : यदि विरोधी पक्ष की संख्या कम है तो क्या महत्त्वपूर्ण मामलों पर चर्चा नहीं की जायेगी ।

अध्यक्ष महोदय : जो कुछ मेरी शक्ति में है वह मैं मानने को तैयार हूं ।

संसदीय कार्य मंत्री (श्री के० रघुरामैया) : गृह मंत्री पटना गए हुए हैं । उनके आने पर हम मामला आप के समक्ष रख देंगे ।

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंडहार्बर) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है । कल तो आपने कहा था सरकार को वक्तव्य देना चाहिए । अब बताया गया है कि गृह मंत्री पटना गये हैं ।

अध्यक्ष महोदय : उस समय मुझे इसकी जानकारी नहीं थी ।

